हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, गुरुवार 28 मई 2026

तापमान
अधिकतम 46 .6 डिग्री
न्यूनतम 23 .8 डिग्री



13 बैडमिंटन में चमका मनवीर, सिंगल डबल दोनों खिताब किए अपने नाम


14 कुर्सी संभालते ही एक्शन में आए निगम आयुक्त

## शहर में आज

- आंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर सुबह 10 बजे
- ग्रामीण सफाई कर्मचारियों का धरना सुबह 10 बजे
- वार्ड-10 में बुजुर्गों के बैठने के लिए लगेंगी सीसी की कुर्सियां

## खबर संक्षेप

### बीए-बीएड/बीएससी-बीएड की परीक्षाएं 10 जून से

**रोहतक।** एमडीयू ने बीए-बीएड और बीएससी-बीएड 8वें सेमेस्टर (रेगुलर/री-अपीयर/इम्प्रूवमेंट) तथा 7वें सेमेस्टर (री-अपीयर/इम्प्रूवमेंट) परीक्षाओं की डेटशीट जारी कर दी है। विश्वविद्यालय के अनुसार परीक्षा नियंत्रक प्रो राहुल ऋषि ने बताया कि ये परीक्षाएं 10 जून 2026 से शुरू होंगी। विद्यार्थी डेटशीट एमडीयू वेबसाइट से प्राप्त कर सकते हैं।

### आज एमडीयू में छुट्टी लेकिन परीक्षाएं होंगी

**रोहतक।** हरियाणा सरकार की अधिसूचना के आधार पर महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) में ईद-उल-जुहा (बकरीद) के अवसर पर 28 मई को राजपत्रित अवकाश रहेगा। एमडीयू के रजिस्ट्रार प्रो. संदीप बंसल ने स्पष्ट किया कि विश्वविद्यालय में चल रही परीक्षाओं के कार्यक्रम में किसी प्रकार का बदलाव नहीं किया गया है। सभी परीक्षाएं पूर्व निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार ही आयोजित होंगी।

### पीजी डिप्लोमा प्रोग्राम्स की डेटशीट वापस ली

**रोहतक।** एमडीयू ने मई 2026 परीक्षाओं के तहत संचालित अधिकांश पीजी डिप्लोमा प्रोग्राम्स की थ्योरी परीक्षाओं की डेटशीट वापस ले ली है। विश्वविद्यालय द्वारा इस संबंध में 25 मई 2026 को अधिसूचना जारी की गयी थी। विश्वविद्यालय की ओर से जारी सूचना के अनुसार, एपीजीडीसीए तथा पीजी डिप्लोमा इन गाइडेंस एंड काउंसलिंग को छोड़कर सभी पीजी डिप्लोमा प्रोग्राम्स की थ्योरी डेटशीट फिलहाल वापस ले ली गई है। इसके साथ ही कुछ यूजी, लॉ और डिप्लोमा प्रोग्राम्स की परीक्षाओं की तिथियों में संशोधन किया गया है। परीक्षा शाखा ने स्पष्ट किया है कि संशोधित परीक्षाओं का समय व परीक्षा केंद्र पूर्व निर्धारित मुख्य डेटशीट के अनुसार ही रहेगा।

### बीटेक-एमटेक के कुछ पेपरों की तिथि बदली

**रोहतक।** एमडीयू ने बीटेक एवं एमटेक सेमेस्टर के कुछ पेपरों की आयोजन तिथि में बदलाव किया है। परीक्षा नियंत्रक प्रो राहुल ऋषि ने बताया कि एमटेक तीसरे सेमेस्टर (सीबीसीएस ब्रांच) के ओपन इलेक्टिव विषयों की अलग डेटशीट जारी की गई है। वहीं बीटेक छठे सेमेस्टर (जी स्कीम) के कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग (सीएसई) के इलेक्टिव-III विषय डिस्ट्रिब्यूटेड सिस्टम (पेपर कोड: PEC-CSE-3) की परीक्षा, जो पहले 11 जून 2026 को होनी थी, अब 30 जून 2026 को आयोजित की जाएगी। विश्वविद्यालय ने स्पष्ट किया है कि परीक्षा का समय सुबह 9:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक रहेगा तथा परीक्षा केंद्र में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

### सोमनाथ की मुफ्त यात्रा के लिए पंजीकरण 6 तक

**रोहतक।** मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत गुजरात स्थित पवित्र सोमनाथ मंदिर के दर्शन के लिए 8 जून को विशेष ट्रेन रवाना की जाएगी। मुख्यमंत्री कुरुक्षेत्र से स्वाभिमान पर्व के तहत इस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इस यात्रा में पात्र श्रद्धालुओं को निशुल्क यात्रा सुविधा प्रदान की जाएगी। डीआईपीआरओ संजीव सैनी ने बताया कि पात्र वरिष्ठ नागरिक 6 जून 2026 तक आवेदन कर सकते हैं।

# रास्ते में ही रह गया उम्मीदों का पानी

**जेएलएन में छोड़ा मात्र 500 क्यूसेक पानी गोहाना सिल्ट बेसन ने धीमी की रफ्तार**

**आज शहर में पहुंचेगा पानी, इतनी कम मात्रा से शहर की प्यास बुझाना चुनौतीपूर्ण**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

शहर में गहराते पेयजल संकट के बीच जेएलएन फीडर में छोड़े गए पानी की मात्रा और उसकी रफ्तार को लेकर नए सवाल खड़े हो गए हैं। गोहाना सिल्ट बेसन (आरडी नंबर 40 से 83) से जेएलएन में छोड़े गए मात्र 500 क्यूसिक पानी ने अपेक्षित गति नहीं पकड़ी, जिसके चलते पानी की रोहतक तक पहुंचने की प्रक्रिया धीमी पड़ गई। विभागीय सूत्रों के अनुसार कम जल प्रवाह के कारण पानी को आगे बढ़ने में घंटों तक अवरोध का सामना करना पड़ा। जानकारों का कहना है कि यदि नहर में करीब 2 हजार क्यूसिक पानी छोड़ा जाता तो उसकी रफ्तार अधिक होती और पानी कम समय में रोहतक तक पहुंच सकता था। तेज प्रवाह के कारण नहर में पानी की गति और दबाव बेहतर रहता, जिससे आपूर्ति प्रणाली को गति मिलती। लेकिन इस बार कम मात्रा में पानी छोड़े जाने से पानी के बहने की गति मंथर है।

### पानी को लेकर शहर में हालात चिंताजनक



स्थिति की गंभीरता को देखते हुए सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने दिनभर जेएलएन फीडर पर गश्त की और पानी की स्थिति पर नजर बनाए रखी। अधिकारियों को उम्मीद है कि वीरवार सुबह करीब चार बजे तक सोनीपत रोड स्थित बोहर गांव के पास पानी पहुंच सकता है। इधर, शहर में पहले से ही पानी को लेकर हालात चिंताजनक बने हुए हैं। कई इलाकों में लोग पेयजल संकट से जूझ रहे हैं और जलापूर्ति को लेकर लगातार शिकायतें सामने आ रही हैं। ऐसे में लोगों के बीच यह सवाल तेजी से उठने लगा है कि आखिर मात्र 500 क्यूसिक पानी से शहर की प्यास कैसे बुझाई जा सकेगी।

# 65 दिन भी नहीं चली 65 लाख की सड़क

**शहर में नई बनी सीसी रोड की गुणवत्ता को लेकर फिर खड़े हुए नगर निगम पर सवाल**

**मॉडल टाउन में दो माह पहले बनी थी सीसी रोड इससे पहले सेक्टर 2-3 में भी टूट गई थी सड़क**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

शहर में नई बनी सीसी सड़कों की गुणवत्ता को लेकर नगर निगम एक बार फिर सवालों के घेरे में है। मॉडल टाउन में 65 लाख रुपये की लागत से बनी सीसी रोड 65 दिन भी नहीं चल पाई और जगह-जगह से टूटने लगी। सड़क पर दरारें, उखड़ाव और छोटे गड्ढे दिखाई देने लगे हैं।

बारिश से पहले ही सड़क की खराब हालत ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है। स्थानीय निवासी वीरेंद्र फोगाट ने बताया कि जैन मंदिर के पास लोगों की मांग पर यह सड़क हाल ही में बनाई गई थी, लेकिन अब इसकी ऊपरी परत उखड़ने लगी है। उनका आरोप है कि ठेकेदार ने स्थायी समाधान की बजाय केवल पैचवर्क कर मामले को दबाने का प्रयास किया। लोगों ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता और निगरानी व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं। सड़क निर्माण की निगरानी की जिम्मेदारी जेई वरुण कुमार को सौंपी गई थी।

### शहरवासियों ने की मामले की जांच की मांग



ध्यान रहे कि सेक्टर 2-3 के ज्वाइंट रोड का उदाहरण देते हुए कहा कि श्रीराम स्कूल के सामने वाली सड़क भी कुछ माह पहले ही बनाई गई थी, लेकिन वह भी जल्दी खराब हो गई। अब मॉडल टाउन की सड़क का हाल देखकर लोग सवाल उठा रहे हैं कि आखिर नई सड़कें बनने के कुछ ही समय बाद क्यों टूट रही हैं। यदि एक के बाद एक ऐसे मामले सामने आ रहे हैं तो निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की जांच जरूरी हो जाती है। लोगों ने नगर निगम से पूरे मामले की जांच कर जिम्मेदार अधिकारियों और ठेकेदारों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## 1912 हेल्पलाइन की व्यवस्था जांचने खुद पहुंचे मंत्री

# जिले में बिजली की सबसे ज्यादा शिकायतें विज भड़के, अधिकारी को लगाई फटकार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

हरियाणा में लगातार बढ़ रही बिजली शिकायतों के बीच सूबे के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज अचानक पंचकूला स्थित बिजली निगम के कॉल सेंटर पहुंच गए। मंत्री के अचानक निरीक्षण से बिजली निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों में हड़कंप मच गया।

निरीक्षण के दौरान सबसे ज्यादा शिकायतें रोहतक क्षेत्र से मिलने पर मंत्री खासे नाराज नजर आए और अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई। ऊर्जा मंत्री ने उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के 1912 कॉल सेंटर में पहुंचकर वहां की पूरी कार्यप्रणाली को करीब से परखा। उन्होंने शिकायत दर्ज होने से लेकर उसके समाधान तक की प्रक्रिया की समीक्षा की और मौके पर मौजूद कर्मचारियों से बातचीत कर उपभोक्ताओं को मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान सामने आया कि दिनभर में करीब 2500 शिकायतें कॉल सेंटर में पहुंचीं, जिनमें बड़ी संख्या रोहतक से थी। रोहतक से लगातार बढ़ रही शिकायतों पर मंत्री ने नाराजगी जताई और वरिष्ठ अधिकारियों को तुरंत व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए।

उन्होंने स्पष्ट कहा कि गर्मी के मौसम में लोगों को घंटों बिजली कट झेलने पर मजबूर नहीं किया जा सकता। यदि किसी क्षेत्र में लगातार शिकायतें आ रही हैं तो वहां के अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। सूत्रों के अनुसार मंत्री ने अधिकारियों से यह भी पूछा कि आखिर रोहतक में फाल्ट और बिजली कट की शिकायतें इतनी ज्यादा क्यों आ रही हैं। उन्होंने फील्ड स्टाफ की उपलब्धता, फाल्ट रिपेयर सिस्टम और शिकायत निवारण की गति पर भी सवाल उठाए।

### मंत्री ने खुद दर्ज कराई शिकायत, कहा- लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी



निरीक्षण के दौरान मंत्री अनिल विज ने सिस्टम की वास्तविक स्थिति जांचने के लिए खुद अपने मोबाइल से बिजली कट की शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने देखा कि शिकायत कितनी देर में दर्ज होती है, उसे किस अधिकारी तक भेजा जाता है और समाधान की प्रक्रिया कितनी तेज है। इसके अलावा उन्होंने कॉल सेंटर में लगे कंप्यूटर सिस्टम, मॉनिटरिंग स्क्रीन और शिकायत ट्रैकिंग व्यवस्था को भी चेक किया। मंत्री ने अधिकारियों से पूछा कि कितनी शिकायतें लंबित हैं और किन कारणों से लोगों को समय पर राहत नहीं मिल पा रही। ऊर्जा मंत्री ने साफ कहा कि शिकायतों के समाधान में लापरवाही करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ी तो कॉल सेंटर में अतिरिक्त कर्मचारियों की नियुक्ति भी की जाएगी, ताकि लोगों को समय पर राहत मिल सके।

### 24 घंटे काम कर रहा कॉल सेंटर

ऊर्जा मंत्री ने बताया कि पंचकूला स्थित कॉल सेंटर में करीब 250 कर्मचारी 24 घंटे काम कर रहे हैं। यहां बिजली कट, फाल्ट, बिलिंग और अन्य समस्याओं से जुड़ी शिकायतें लगातार दर्ज की जाती हैं। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने कुछ उपभोक्ताओं से सीधे फोन पर बात भी की। कई लोगों ने शिकायत समाधान पर संतोष जताया, जबकि कुछ उपभोक्ताओं ने समय पर रिस्पॉन्स न मिलने की शिकायत की। इस पर मंत्री ने अधिकारियों को तत्काल सुधार के आदेश दिए।

### घंटों बिजली रहती गुल, लोग परेशान

भीषण गर्मी के बीच शहर की बिजली व्यवस्था लोगों के लिए बड़ी परेशानी बनती जा रही है। शहर के अलग-अलग इलाकों में लगातार बिजली फाल्ट सामने आ रहे हैं, लेकिन समय पर समाधान नहीं होने से उपभोक्ताओं का गुस्सा बढ़ता जा रहा है। हालात ऐसे हैं कि कई जगह रातभर बिजली गुल रहती है और सुबह तक लोग गर्मी में जागकर रात काटने को मजबूर हो जाते हैं। शहरवासियों का आरोप है कि बिजली निगम बिना किसी सूचना के कट लगा देता है। जब शिकायत करने के लिए फोन किया जाता है तो या तो फोन उठाया नहीं जाता, और अगर उठ भी जाए तो कर्मचारियों का व्यवहार ठीक नहीं होता। लोगों का कहना है कि शिकायत दर्ज करवाने के बाद भी घंटों तक बिजली बहाल नहीं की जाती।

**अमरोहा में स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई**

# 35 हजार में हो रही थी भ्रूण लिंग जांच, तीन गिरफ्तार



**रोहतक।** उत्तर प्रदेश के अमरोहा जिले के एक गांव में चल रहे अवैध भ्रूण लिंग जांच गिरोह का रोहतक और झज्जर स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम ने भंडाफोड़ किया है। टीम ने फिल्मी अंदाज में कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को रंगे हाथ गिरफ्तार कराया। स्वास्थ्य विभाग को सूचना मिल रही थी कि झज्जर का एक दलाल गर्भवती महिलाओं को यूपी ले जाकर अवैध लिंग जांच करवाता है। इसके बाद अधिकारियों ने संयुक्त रणनीति बनाकर डिकॉय ऑपरेशन चलाया। गर्भवती महिला बनाकर भेजी गई फर्जी ग्राहक को दलाल रविंद्र के संपर्क में पहुंचाया गया। आरोपी ने जांच के लिए 35 हजार रुपये मांगे। सौदा तय होने के बाद आरोपी डिकॉय को सोनीपत के बहालगढ़ से केएमपी एक्सप्रेसवे के रास्ते अमरोहा ले गए। गजरौला के पास मुख्य आरोपी देवेंद्र से संपर्क कराया गया और फिर गांव के एक मकान में ले जाकर जांच की तैयारी शुरू की गई। इसी दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम ने दबिश देकर तीन आरोपियों को पकड़ लिया। मौके से अल्ट्रासाउंड मशीन, अन्य उपकरण और 35 हजार रुपये बरामद किए गए। अमरोहा पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### ये रहे टीम में शामिल

इस ऑपरेशन में नोडल अधिकारी डॉ. विश्वजीत राठी, डॉ. संदीप, रणजीत, दीपक शर्मा, जोगेंद्र और विनोद समेत कई अधिकारी शामिल रहे।

## सिगरेट देने से किया मना दुकानदार पर सुए से हमला

**रोहतक।** शहर के सुभाष नगर में मामूली कहासुनी के बाद एक दुकानदार पर तेजधार सुए से हमला किए जाने का मामला सामने आया है। हमले में दुकानदार गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि आरोपी वारदात के बाद जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। सिविल लाइन थाना पुलिस को दी शिकायत में अमित पुत्र खरैती लाल ने बताया कि उसकी गुरुद्वारे के पास अमित कन्फेक्शनरी नाम से दुकान है। मंगलवार दोपहर करीब साढ़े तीन बजे पड़ोस में रहने वाला अंकुश उसकी दुकान पर सिगरेट लेने आया था। सिगरेट देने से मना करने पर दोनों के बीच कहासुनी हो गई। कुछ देर बाद जब अमित वापस दुकान की ओर लौट रहा था, तभी आरोपी ने पीछे से तेजधार सुए से उसकी कमर पर हमला कर दिया। घायल के मुड़ने पर आरोपी ने दोबारा वार किया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस पहुंची और घायल को अस्पताल भिजवाया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।



# हिसार रोड पर तेज रफ्तार थार ने 19 वर्षीय युवक को मारी टक्कर, मौत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

हिसार रोड पर कृष्णा ट्रांसपोर्ट कंपनी के समीप तेज रफ्तार थार गाड़ी ने एक युवक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान 19 वर्षीय विशाल पुत्र सुरेश निवासी लखीमपुर, उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसा इतना भीषण था कि टक्कर लगते ही युवक गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने अज्ञात थार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं, आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है ताकि आरोपी वाहन चालक का सुराग लगाया जा सके। घटना के बाद मृतक के परिवार में शोक का माहौल बना हुआ है।

### नेशनल हाईवे पर स्कूल बस की टक्कर से गई एक की जान

**महम।** दिल्ली-हिसार राष्ट्रीय राजमार्ग-9 पर हुए सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने स्कूल बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में रोहतक के जींद चौक निवासी प्रवीन पुत्र कृष्ण कुमार ने बताया कि वह परचून की दुकान करता है। 26 मई को वह अपने पड़ोसी राजकुमार, मनोज और यूपी के पुरवा निवासी अंगद के साथ ट्रैक्टर-ट्रॉली में लोहे का गेट लेने महम गए थे। वापस लौटते समय खरकड़ा गांव के पास बाइपास पर गेट की रस्सियां ढीली होने पर उन्होंने ट्रैक्टर रोक लिया। अंगद नीचे उतरकर रस्सियां कस रहा था। इसी दौरान पीछे से तेज रफ्तार पीले रंग की स्कूल बस आई और ट्रैक्टर में टक्कर मार दी। हादसे में अंगद गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे एंबुलेंस से अस्पताल ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। पुलिस ने बस चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**डीजल-पेट्रोल के दामों का असर** | **व्यापारी बोले, हमारे मुनाफे में से कटेगी महंगाई**

# हैंडलूम और कपड़ा बाजार 15% तक महंगा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

सिटी पल्स

डीजल और पेट्रोल के लगातार बढ़ रहे दामों का असर अब शहर के हैंडलूम और कपड़ा बाजार पर भी साफ दिखाई देने लगा है। परिवहन खर्च बढ़ने के कारण चद्दर, गद्दे, पर्दे, गारमेंट्स और अन्य कपड़ा उत्पादों के दामों में 10 से 15 प्रतिशत तक बढ़ोतरी हो गई है।

वहीं भीषण गर्मी के चलते बाजारों में ग्राहकों की आवाजाही कम होने से दुकानदारों की बिक्री भी प्रभावित हो रही है। गांधी कैंप के व्यापारियों का कहना है कि अभी भी ग्राहक बहुत कम संख्या में आ रहे हैं और आने वाले दिनों में यदि ईंधन के दाम इसी तरह बढ़ते रहे तो कपड़ा बाजार में और महंगाई देखने को मिल सकती है।

शहर बाजारों में बिकने वाला अधिकतर कपड़ा और हैंडलूम का सामान दिल्ली, पानीपत और लुधियाना से आता है। इन शहरों से माल लाने वाले ट्रांसपोर्टरों ने किराए में बढ़ोतरी कर दी है, जिसका सीधा असर व्यापारियों और ग्राहकों दोनों पर पड़ रहा है। व्यापारियों के अनुसार पहले की तुलना में एक गाड़ी का भाड़ा हजारों रुपये तक बढ़ चुका है।

ऐसे में दुकानदारों को मजबूरी में सामान के दाम बढ़ाने पड़ रहे हैं। साथ ही हर सामान पर 40 से 70 रुपये के रेट बढ़े हैं।

### कारोबार कमजोर



बाजार में इस समय कारोबार कमजोर चल रहा है। गर्मी की वजह से लोग जरूरत का सामान ही खरीद रहे हैं। ऊपर से लगातार बढ़ती महंगाई ने ग्राहकों की खरीद क्षमता पर असर डाला है। **-अजीत कुमार,** प्रधान, गांधी कैंप मार्केट

### ट्रांसपोर्ट खर्च बढ़ा



पिछले कुछ दिनों में डीजल के दाम बढ़ने से ट्रांसपोर्ट खर्च काफी बढ़ गया है। पानीपत और लुधियाना से आने वाले माल पर पहले की तुलना में ज्यादा खर्च करना पड़ रहा है। हर सामान के भी रेट बढ़ गए हैं। **-सुरेश,** व्यापारी, गांधी कैंप

### ज्यादा हुई लागत



ट्रांसपोर्टेशन बढ़ने से व्यापारियों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है।सामान पर लागत पहले से काफी ज्यादा हो गई है। इसका असर सीधे बाजार के रेट पर दिखाई दे रहा है। **-विजय कुमार पुरुथी,** महासचिव, गांधी कैंप मार्केट

### बढ़ेंगे कपड़ों के दाम



कपड़ा और हैंडलूम उद्योग पूरी तरह परिवहन व्यवस्था पर निर्भर है। ढुलाई महंगी होने से चद्दर, पर्दे, गद्दे और रेडीमेड गारमेंट्स के रेट बढ़ रहे हैं। पेट्रोल-डीजल सस्ते न हुए कपड़ों के दामों में और बढ़ोतरी हो सकती है। **-प्रवीण,** व्यापारी, गांधी कैंप

## पुलिस का एक्शन शुरू

# कारों में बार पर प्रहार

**रोहतक (हरिभूमि न्यूज) ।** शहर में देर रात उस समय अफरा-तफरी मच गई जब सेक्टर दो-तीन की मार्केट में पुलिस ने अचानक कारों-में-बार के खिलाफ विशेष अभियान चला दिया। ठेके के आसपास गाड़ियों में बैठकर शराब पी रहे लोगों में पुलिस को देखते ही भगदड़ मच गई। कई लोग मौके से अपनी कारें छोड़कर भाग निकले, जबकि पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो-तीन गाड़ियों को जब्त कर लिया। शहर में लगातार बढ़ रही शिकायतों और सार्वजनिक स्थानों पर शराबखोरी के मामलों को देखते हुए पुलिस ने यह सख्त कदम उठाया। देर शाम पुलिस टीम ने सेक्टर दो-तीन मार्केट स्थित शराब ठेके और आसपास के क्षेत्रों में दबिश दी। कार्रवाई के दौरान कई युवक कारों में बैठकर शराब पीते मिले। पुलिस ने तुरंत लोगों को वहां से हटाया और सार्वजनिक स्थान पर शराब सेवन करने वालों को चेतावनी दी।

### शराब की बोतलें छोड़ भागते नजर आए

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार जैसे ही पुलिस की गाड़ियां मार्केट में पहुंचीं, वहां मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। कुछ लोग अपनी कारें स्टार्ट कर मौके से निकल गए, जबकि कुछ शराब की बोतलें छोड़कर भागते नजर आए। पुलिस ने मौके पर खड़ी संदिग्ध गाड़ियों की जांच की और नियमों का उल्लंघन करने वाली दो-तीन गाड़ियों को जब्त कर लिया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि शहर में सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने, हुड़दंग करने और देर रात तक माहौल खराब करने वालों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जाएगा।



### सेक्टर दो-तीन की मार्केट में सख्ती

शहर में देर रात उस समय अफरा-तफरी मच गई जब सेक्टर दो-तीन की मार्केट में पुलिस ने अचानक कारों-में-बार के खिलाफ विशेष अभियान चला दिया। ठेके के आसपास गाड़ियों में बैठकर शराब पी रहे लोगों में पुलिस को देखते ही भगदड़ मच गई। कई लोग मौके से अपनी कारें छोड़कर भाग निकले, जबकि पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो-तीन गाड़ियों को जब्त कर लिया। शहर में लगातार बढ़ रही शिकायतों और सार्वजनिक स्थानों पर शराबखोरी के मामलों को देखते हुए पुलिस ने यह सख्त कदम उठाया। देर शाम पुलिस टीम ने सेक्टर दो-तीन मार्केट स्थित शराब ठेके और आसपास के क्षेत्रों में दबिश दी। कार्रवाई के दौरान कई युवक कारों में बैठकर शराब पीते मिले। पुलिस ने तुरंत लोगों को वहां से हटाया और सार्वजनिक स्थान पर शराब सेवन करने वालों को चेतावनी दी।

**शराब पीने वालों की गाड़ियां जब्त की**

### देर रात तक नाके लगाकर की चेकिंग

शहर में कानून व्यवस्था मजबूत करने और असामाजिक गतिविधियों पर रोक लगाने के उद्देश्य से पुलिस ने देर रात विशेष चेकिंग अभियान चलाया। शहर के विभिन्न चौक-चौराहों जैसे दिल्ली बाइपास और प्रमुख मार्गों पर नाके लगाकर वाहनों की गहन जांच की गई। पुलिस टीमों ने शहर के व्यस्त इलाकों, बाजारों और मुख्य मार्गों पर नाकेबंदी कर संदिग्ध वाहनों की जांच की। इस दौरान कार, बाइक और अन्य वाहनों के दस्तावेज चेक किए गए। पुलिस ने बिना नंबर प्लेट, काली फिल्म लगी गाड़ियों और संदिग्ध गतिविधियों में शामिल लोगों पर विशेष नजर रखी। अभियान के दौरान कई वाहन चालकों से पूछताछ भी की गई। जिन लोगों के पास जरूरी दस्तावेज नहीं मिले, उन्हें चेतावनी दी गई, जबकि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ चालान की कार्रवाई भी की गई।

## खबर संक्षेप



### 29 मई के धरने में शामिल होगा परिवहन कर्मचारी संघ

**रोहतक।** हरियाणा परिवहन कर्मचारी संघ संबंधित भारतीय मजदूर संघ की रोहतक डिपो कार्यकर्ताओं की बैठक बस स्टैंड स्थित यूनियन कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता डिपो प्रधान राजेश पंघाल ने की, जबकि भारतीय मजदूर संघ हरियाणा के प्रदेश मंत्री अमित मेहराना मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बैठक में कर्मचारियों की विभिन्न मांगों और समस्याओं पर चर्चा की गई। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि कर्मचारियों के ओवरटाइम और रात्रि ठहराव भत्ते की मांग को लेकर 29 मई को तालमेल कमेटी द्वारा दिए जाने वाले धरने में यूनियन सक्रिय रूप से भाग लेगी। बैठक में शेखर, राजेश गोरेड, परवीन, नवीन, प्रमोद, दीपक, जसविंदर सहित कई कर्मचारी मौजूद रहे।

### श्री राधा कृष्ण मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा आज से

**महम।** कस्बा महम के वार्ड 9 में स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर में 28 मई से श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन शुरू किया जाएगा। कथा व्यास पंडित योगेश शास्त्री ने बताया कि पहले दिन 28 मई को सुबह 8 बजे कलश यात्रा निकाली जाएगी। मंदिर में रोजाना शाम 4 बजे से 7 बजे तक कथा सुनाई जाएगी। कथा तीन जून तक चलेगी। चार जून को सुबह 8 बजे हवन किया जाएगा।

## पेयजल समाधान के लिए टूल्स के साथ पहुंचेगी विभागीय टीम

# वार्ड 7 के हर घर में होगी जलापूर्ति, कर्मचारी टोंटी खोलकर देखेंगे पानी पहुंचा या नहीं

### पार्षदों के धरने का दिखा असर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

मंगलवार को वार्ड की पेयजल समस्या को लेकर पार्षदों द्वारा दिए गए छह घंटे लंबे धरने का असर अब दिखाई देने लगा है। धरने के दौरान उठाए गए कम पानी सप्लाई और दूषित पानी के मुद्दे पर जनस्वास्थ्य विभाग ने तुरंत एक्शन लेते हुए मौके पर विशेष टीम तैनात कर दी है। विभाग की ओर से चार कर्मचारियों की टीम को वार्ड में लगाया गया है, जो पानी सप्लाई के दौरान हर वाल्व पर निगरानी रखेगी। पार्षद कपिल नागपाल ने बताया कि अब जिस भी क्षेत्र में पानी छोड़ा जाएगा, वहां यह टीम मौके पर मौजूद रहकर जांच करेगी कि किन गलियों या घरों तक पानी कम पहुंच रहा है और कहां दूषित पानी की शिकायत आ रही है। टीम अपने साथ सभी जरूरी उपकरण और तकनीकी टूल्स लेकर पहुंचेगी, ताकि मौके पर ही समस्या की पहचान कर उसका समाधान किया जा सके। धरने के दौरान सभी पार्षदों ने आरोप लगाया था कि वार्ड के कई इलाकों में पिछले लंबे समय से लोगों को पर्याप्त पेयजल नहीं मिल रहा। कई स्थानों पर गंदा और बदबूदार पानी आने से लोगों में बीमारी फैलने का खतरा बना हुआ है। स्थानीय निवासियों ने भी विभाग पर शिकायतों के बावजूद अनदेखी करने का आरोप लगाया था।

> चार सदस्यीय टीम तैनात, दूषित व कम पानी आने की शिकायतों पर होगी तुरंत कार्रवाई




### पानी सप्लाई पर रखी जाएगी नजर

लगातार बढ़ते विरोध और लोगों के गुस्से को देखते हुए जनस्वास्थ्य विभाग हरकत में आया और अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। इसके बाद विभाग ने तुरंत निगरानी टीम गठित कर वार्ड में तैनात कर दी। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि अब पानी सप्लाई के समय हर स्थिति पर नजर रखी जाएगी और किसी भी प्रकार की तकनीकी खराबी मिलने पर उसे तुरंत ठीक किया जाएगा।

### अब निरीक्षक की रहेगी जिम्मेदारी

टीम के साथ सुपरवाइजरों को भी जिम्मेदारी दी गई है, ताकि कर्मचारियों को काम करने में किसी प्रकार की परेशानी न हो और समस्याओं का समाधान तेजी से किया जा सके। अधिकारियों ने यह भी कहा कि यदि किसी इलाके में पाइप लाइन लीकेज, प्रेशर की कमी या सीवरेज मिश्रित पानी की शिकायत मिलती है तो उस पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी। धरने पर बैठे पार्षदों ने विभाग की इस कार्रवाई को जनता के दबाव का परिणाम बताया है। उनका कहना है कि यदि आने वाले दिनों में व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

### पेयजल कनेक्शन खुले चलते मिले तो सख्त कानूनी कार्रवाई होगी

**महम।** जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग उपमंडल महम की तरफ से महम शहर और क्षेत्र के पेयजल उपभोक्ताओं से पानी बचाने की अपील की है। इस अभियान के तहत अधिकारियों ने कई ऐसे तरीके सुझाए हैं, जिनसे पानी बचाया जा सकता है। साथ ही यह भी चेतावनी दी है कि यदि किसी के आवास, प्रतिष्ठान और दुकान में पानी का कनेक्शन खुला चलता हुआ पाया गया तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जनस्वास्थ्य विभाग के जेई आकाश कुमार ने जनता से अपील करते हुए कहा है कि पानी को व्यर्थ ना बहाएं। पानी का उपयोग ध्यान से करें। गर्मी का प्रकोप अपनी चरम सीमा पर है। इसलिए हम सबको मिलकर पानी को बचाना है। आज हम सबको यह समझने की आवश्यकता है कि मीठे पानी का स्रोत सीमित है और आने वाले समय में हमें गंभीर जल संकट का सामना करना पड़ सकता है। जल संरक्षण के लिए हम सब मिलकर आज से ही जल बचाने का संकल्प ले लें।

### पानी बचाने के लिए ये तरीके अपनाएं

पेयजल आपूर्ति व अन्य पानी के नलों का बंद रखें। पानी को व्यर्थ न बहने दें। दाढ़ी बनाते या ब्रश करते समय नल को खुला न छोड़ें। गाड़ी धोने या फर्श साफ करने के लिए पाइप की जगह बाल्टी और मग का इस्तेमाल करें। बारिश के पानी को सहेजकर रखें। बारिश के पानी को व्यर्थ न जाने दें और इसे इकट्ठा करने की व्यवस्था करें। प्रयोग किए गए पानी का पुनः प्रयोग करें। पीने के पानी के लिए घरों व प्रतिष्ठानों में लगाए गए आरओ से और सब्जियों के धोने के बाद बचे हुए पानी का उपयोग पौधों में डालकर कर सकते हैं। बचे हुए पानी को घर की सफाई में इस्तेमाल कर सकते हैं।

### जिम्मेदार नागरिक बनें



एक जिम्मेदार नागरिक बनकर जल संरक्षण की मुहिम में अपना योगदान दें कनिष्ठ अभियंता आकाश कुमार ने कहा है कि हम सबको एक जिम्मेदार नागरिक बनना चाहिए और जल संरक्षण की इस मुहिम में अपना योगदान देना चाहिए। कहा कि पानी के जो कनेक्शन खुले चलते हैं, ऐसे उपभोक्ता कनेक्शन पर नल लगवा लें अन्यथा आपकी वीडियोग्राफी करवा कर सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



रोहतक। अपनी मांगों के लिए धरना देते ग्रामीण सफाई कर्मचारी। फोटो: हरिभूमि

## ग्रामीण सफाई कर्मचारियों ने 31 मई तक बढ़ाई हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

भीषण गर्मी के बीच ग्रामीण सफाई कर्मचारियों का आंदोलन लगातार तेज होता जा रहा है। लघु सचिवालय पर बुधवार को ग्रामीण सफाई कर्मचारियों का धरना 13वें दिन भी जारी रहा। कर्मचारियों ने प्रदेश सरकार के रवैए के विरोध में अपनी हड़ताल को 31 मई तक बढ़ाने का ऐलान किया। कर्मचारियों ने सरकार पर मांगों की अनदेखी और वादाखिलाफी के आरोप लगाए। धरने की अध्यक्षता ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन हरियाणा (सीटू) के जिला प्रधान दलेर ने की, जबकि मंच संचालन राकेश ने किया।

धरने को संबोधित करते हुए सीटू के जिला प्रधान प्रकाशचंद्र, यूनियन जिला उपाध्यक्ष जगमिंदर और रोहतक ब्लॉक सचिव संजय रुड़की ने कहा कि ग्रामीण सफाई कर्मचारी अपने अधिकारों की लड़ाई निर्णायक स्तर तक ले जाने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि कर्मचारी 19 वर्षों से चली आ रही बेगार प्रथा को समाप्त करने और उच्च न्यायालय के आदेशों को लागू करवाकर पक्की नौकरी की मांग को लेकर आर-पार की लड़ाई लड़ने का मन बना चुके हैं। वक्ताओं ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार खुद को दलित हितैषी बताकर सत्ता में आई थी, लेकिन आज सबसे ज्यादा हमला दलित और मेहनतकश वर्ग के अधिकारों पर हो रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार के कार्यकाल में मजदूरों और कर्मचारियों के अधिकार लगातार कमजोर हुए हैं।

### स्थाई भर्ती नहीं

धरने के दौरान वक्ताओं ने कहा कि हरियाणा में सफाई कर्मचारी का पद ग्रुप डी के अंतर्गत आता है, लेकिन पिछले 12 वर्षों में एक भी सफाई कर्मचारी की स्थायी भर्ती नहीं की गई। साथ ही किसी अस्थायी कर्मचारी को नियमित भी नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि बढ़ती महंगाई के दौर में सफाई कर्मचारियों की आर्थिक स्थिति लगातार कमजोर होती जा रही है। पिछले दो वर्षों से उनके वेतन में कोई वृद्धि नहीं हुई, जबकि मजदूरों के वेतन में भी लंबे समय बाद बेहद मामूली बढ़ोतरी की गई है। धरने में मिड डे मील वर्कर्स यूनियन की जिला प्रधान बबीता, जिला सचिव रीना सहित राकेश, सुमित्रा, शीला, रंजीत, विजय, कृष्ण, शीलक, अंगूरी, संतोष, कर्मवीर, दीपक, कमलेश और उषा समेत कई कर्मचारी मौजूद रहे।

## पशु सुरक्षा चक्र अभियान के तहत जिले में अब तक 98 हजार पशुओं का टीकाकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

उपायुक्त सचिन गुप्ता ने बताया कि जिले में चलाए जा रहे पशु सुरक्षा चक्र अभियान के तहत अब तक लगभग 50 प्रतिशत कार्य पूरा किया जा चुका है। अभियान के दौरान 98,154 पशुओं को टीके लगाए जा चुके हैं, जबकि 11 जून तक करीब दो लाख पशुओं के टीकाकरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि पशुपालन एवं डेयरी विभाग की 65 टीमें गांव गांव जाकर घर घर पशुओं का टीकाकरण कर रही हैं, ताकि कोई भी पात्र पशु इस अभियान से वंचित न रहे। यह अभियान पशुओं को मुंह खुर और गलघोटू जैसी गंभीर एवं संक्रामक बीमारियों से बचाने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है।उपायुक्त ने कहा कि हरियाणा उन चुनिंदा राज्यों में शामिल है, जहां मुंह खुर और गलघोटू रोगों के लिए संयुक्त वैक्सीन का उपयोग किया जा रहा है। इससे पशुओं को अलग अलग टीके लगाने की आवश्यकता नहीं पड़ती और उन्हें बार बार होने वाले तनाव से भी राहत मिलती है।

पशुपालन विभाग के कार्यकारी उपनिदेशक डॉ. नरेंद्र दहिया ने बताया कि एफएमडी और एचएस की संयुक्त वैक्सीन पूरी तरह सुरक्षित और प्रभावी है।

### डिजिटल स्वास्थ्य रिकॉर्ड होगा उपलब्ध



डीसी ने बताया कि पशुओं का टीकाकरण के लिए टैगिंग अनिवार्य है। विभाग की टीमें प्रत्येक पशु का पंजीकरण भारत पशुधन ऐप पर कर रही हैं और टीकाकरण के तुरंत बाद रिकॉर्ड ऑनलाइन अपलोड किया जा रहा है। इससे अभियान में पारदर्शिता बनी रहेगी और पशुपालकों को डिजिटल स्वास्थ्य रिकॉर्ड भी उपलब्ध होगा। सचिन गुप्ता ने पशुपालकों से अपील की कि टीकाकरण के बाद मोबाइल पर प्राप्त होने वाला ओटीपी विभाग की अधिकृत टीमों के साथ बिना संकोच साझा करें।

## सांपला लाइब्रेरी में विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति किया जागरूक

**रोहतक।** पुलिस की नशा मुक्ति टीम द्वारा सांपला स्थित एक लाइब्रेरी में विद्यार्थियों को नशे के खिलाफ जागरूक किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व उपनिरीक्षक अमर सिंह और सहायक उपनिरीक्षक मोहन सिंह ने किया। इस दौरान विद्यार्थियों को नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक और सामाजिक नुकसान के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। नशा मुक्ति टीम ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि युवाओं और आमजन को नशीली दवाओं एवं पदार्थों के सेवन से दूर रखना पुलिस की प्राथमिकता है। युवा पीढ़ी को सही दिशा दिखाना समाज और पुलिस दोनों की जिम्मेदारी है। रोहतक पुलिस लगातार नशे के खिलाफ अभियान चलाकर लोगों को जागरूक करने का कार्य कर रही है। अधिकारियों ने कहा कि नशा व्यक्ति को जीवन में आगे बढ़ने से रोकता है और धीरे-धीरे उसे आर्थिक, मानसिक व शारीरिक रूप से कमजोर बना देता है। नशे की लत केवल व्यक्ति ही नहीं, बल्कि पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करती है। उन्होंने विद्यार्थियों से ड्रग्स, गांजा, स्मैक, हेरोइन, चरस व अन्य प्रकार के नशे से दूर रहकर अपने करियर और भविष्य पर ध्यान केंद्रित करने की अपील की।



## राष्ट्रीय किसान कामगार महासभा किसानों और कर्मचारियों की मांगों को लेकर चलाएगी आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सेक्टर 34 स्थित कम्युनिटी सेंटर में प्रदेशभर से आए किसान और कर्मचारी संगठनों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जाट महासभा रोहतक के सचिव कृष्ण पहलवान ने की, जबकि कार्यक्रम के संयोजक लोकहित संस्था के प्रधान एडवोकेट चंचल नांदल रहे। बैठक में किसानों और कर्मचारियों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। इस अवसर पर राष्ट्रीय किसान कामगार महासभा की संस्थापक एवं राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष जया पूनिया ने पूर्व सरपंच देवेंद्र सिंह खत्री को राष्ट्रीय किसान कामगार महासभा का अध्यक्ष नियुक्त किया। उन्होंने कहा कि संगठन जल्द ही हरियाणा में एक बड़ा सम्मेलन आयोजित करेगा और किसानों व कर्मचारियों की समस्याओं को प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर मजबूती से उठाया जाएगा।

### समय पर नहीं मिल रही खाद

लोकहित संस्था के प्रधान एडवोकेट चंचल नांदल ने कहा कि वर्तमान समय में किसान और कर्मचारी दोनों वर्ग गंभीर समस्याओं से जूझ रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि किसानों को समय पर पानी और खाद नहीं मिल रही, मंडियों में फसलों की बिक्री प्रभावित है और भुगतान में भी देरी हो रही है। साथ ही कर्मचारियों के मुद्दों पर भी सरकार का रवैया संतोषजनक नहीं है। उन्होंने कहा कि वेतन आयोग लागू करने और कर्मचारियों की मांगों को लेकर भी संगठन जल्द उचित कदम उठाएगा। नवनियुक्त अध्यक्ष देवेंद्र खत्री ने कहा कि किसानों और कर्मचारियों के लिए संगठन के दरवाजे चौबीसों घंटे खुले हैं और कोई भी अपनी समस्याएं लेकर संपर्क कर सकता है।

### ये रहे मौजूद

रामफल भाली, राजेश गुमाना, सुरेश फौजी, आनंद, रामकिशन, संदीप, सज्जन सिंह, काला बोहर, सत्यवान, राज सिंह हुड्डा, राजबीर खत्री, निर्मला सहित बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर अपने विचार रखे।



## भीषण गर्मी में राहत बनी विशाल छबील सेवा, 5000 लीटर मीठा शरबत वितरित

**रोहतक।** बुधवार को भीषण गर्मी के बीच सेक्टर 3 सोनीपत रोड पर राहगीरों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से एक छबील सेवा का आयोजन किया गया। इस दौरान श्रद्धा और सेवा भाव के साथ करीब 5000 लीटर ठंडा मीठा नींबू पानी और शरबत तैयार कर लोगों को वितरित किया गया। तेज गर्मी के बीच बड़ी संख्या में राहगीरों ने छबील का लाभ उठाया। आयोजकों ने बताया कि यह सेवा केवल प्यास बुझाने तक सीमित नहीं रही, बल्कि सामाजिक एकता, भाईचारे और मानव सेवा का भी सुंदर संदेश लेकर आई। आयोजन में अनेक समाजसेवियों ने भाग लिया और सेवा कार्य को सफल बनाने में योगदान दिया। सेवा कार्य में काहनौर के पूर्व सरपंच समेत कर्मवीर, अमित, रविंद्र मलिक, विनय हुड्डा, सुनील हुड्डा, सर्वेश जून, अरविंद, अमरजीत, राजेश अहलावत, आशीष, मुकेश, शांतनु, सुनील, गुरमीत, जगवीर राठी, अजीत वर्मा, दनीषा और लवन्या वर्मा सहित अनेक लोगों ने अपनी सेवाएं दीं।

## 500 चिकित्सकों ने सात दिन तक ऑनलाइन कार्यशाला में साझा किया ज्ञान



**रोहतक।** पं. बी. शर्मा पीजीआईएमएस, रोहतक के मल्टी-डिसिप्लिनरी रिसर्च यूनिट एवं साइंस-टेक इंस्टीट्यूट, लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में "बायोस्टैटिस्टिक्स एंड सर्वाइवल एनालिसिस" विषय पर सात दिवसीय ऑनलाइन कार्यशाला का सफलतापूर्वक समापन हुआ। यह कार्यशाला 21 मई से 27 मई 2026 तक वर्चुअल माध्यम से आयोजित की गई, जिसमें देशभर के विभिन्न मेडिकल, डेंटल, नर्सिंग, पैरामेडिकल, पब्लिक हेल्थ एवं रिसर्च संस्थानों से जुड़े 500 से अधिक चिकित्सकों, शिक्षकों, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने कार्यशाला को ज्ञानवर्धक, उपयोगी एवं शोध उन्मुख बताते हुए आयोजकों की सराहना की। कार्यशाला का उद्देश्य स्वास्थ्य अनुसंधान में बायोस्टेटिस्टिक्स एवं सर्वाइवल एनालिसिस की उपयोगिता को समझाना तथा प्रतिभागियों को आधुनिक सांख्यिकीय तकनीकों एवं रिसर्च मेथोडोलॉजी का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करना था। सात दिनों तक चले इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में विशेषज्ञों द्वारा अध्ययन डिजाइन, सैंपलिंग तकनीक, सैंपल साइज निर्धारण, एपिडेमियोलॉजिकल स्टडी, मेटा एनालिसिस, हाइपोथेसिस टेस्टिंग, क्लिनिकल ट्रायल तथा सर्वाइवल एनालिसिस जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत व्याख्यान दिए गए।



## एमडीयू और एविट्री इंटेलिजेंस में करार कैंपस में बनेगा एआई एक्सीलेंस सेंटर

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) ने विद्यार्थियों को भविष्य की तकनीकों से जोड़ने की दिशा में अहम कदम बढ़ाते हुए आज एआई आधारित डिजिटल मैन्युफैक्चरिंग कंपनी एविट्री इंटेलिजेंस प्राइवेट लिमिटेड के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। इस साझेदारी के तहत विश्वविद्यालय में सेंटर ऑफ मैन्युफैक्चरिंग एआई एक्सीलेंस स्थापित किया जाएगा, जहां विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स, डिजिटल सॉल्यूशंस और इंडस्ट्रियल टेक्नोलॉजी का व्यावहारिक प्रशिक्षण मिलेगा। एमडीयू की ओर से रजिस्ट्रार प्रो. संदीप बंसल तथा एविट्री इंटेलिजेंस की संस्थापक एवं चेयरपर्सन मृणालिनी चौधरी ने कुलपति प्रो. मिलाप पूनियाँ की गरिमामयी मौजूदगी में एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इस मौके पर डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. ए.एस. मान, विभिन्न संकायों के डीन, शिक्षकगण और कंपनी के अधिकारी मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### बाजार से सामान खरीदकर वापस घर लौट रही महिला की सोने की चेन छीनी, मुकदमा दर्ज

**महम।** महम में भिवानी रोड के आस पास चेन स्नेचिंग की घटनाओं से लोग दहशत में हैं। सरेआम बदमाश महिलाओं की चेन छीनकर फरार हो जाते हैं। कुछ दिन पूर्व भी यहां पर ऐसी ही एक वारदात हुई थी। अब फिर चेन स्नेचर ने नई वारदात को अंजाम दिया है। किशनगढ़ गांव निवासी ज्योति पत्नी विरेंद्र ने महम शहर चौकी में दी शिकायत में बताया कि वह अपना घरेलू सामान लेने के लिए अपनी जेठानी उषा पत्नी सुरेंद्र के साथ अपनी स्कूटी पर सवार होकर शाम 7 बजे महम के भिवानी स्टैंड पर आई थी। सामान लेकर वह अपनी जेठानी के साथ स्कूटी पर घर के लिए चल पड़ी। जब वे उपमंडल नागरिक अस्पताल की दीवार के आखरी छोर पर पहुंची तो एक मोटर साइकिल चालक पीछे से आया। बाइक सवार व्यक्ति ने हेलमेट पहना हुआ था। वह स्कूटी की साइड में आया। उसने उसके गले में सोने की चेन व लोकेट पर हाथ मारा। झपट्टा लगते ही सोने की चेन टूटकर उसके हाथ में आ गई। लेकिन सोने का लोकेट जिस पर श्याम बाबा का फोटो छपा हुआ है, वह चेन स्नेचर लेकर भाग गया। वह उसको पहचान नहीं पाई। अज्ञात मोटर साइकिल सवार का पता लगाकर उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए और उसका सोने का लोकेट उसे वापस दिलवाया जाए।



### गवर्नमेंट आईटीआई महम में लगा रोजगार मेला विभिन्न कंपनियों में 525 युवाओं को हुआ चयन

**महम।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान महम में रोजगार मेला लगाया गया। रोजगार मेले में 600 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस दौरान 525 युवाओं को रोजगार दिया गया। प्रधानाचार्य इन्द्र सिंह ने बताया कि रोजगार मेले में नामी कंपनियों के अधिकारियों ने युवक युवतियों का साक्षात्कार लिया। सभी तकनीकी व्यवसाय जैसे इलैक्ट्रीशियन, वायरमैन, फिटर, टरनर, वैल्डर, मशीनिष्ट, टूल एण्ड डाई, मोटर मैकेनिक व्हीकल, डीजल मैकेनिक, कारपेन्टर, इलैक्ट्रोनिक्स मैकेनिक, कोपा आदि तथा दसवीं, बाहरवीं, डिप्लोमा, बी. टेक पासशुद्धा छात्र/छात्राओं का शिक्षुता एवं रोजगार हेतू इंटरव्यू रखे गए थे। 525 प्रतिभागियों को मौके पर ही ज्वाईनिंग लैटर देकर चयन कर लिया गया। रोजगार मेले में महम चीनी मिल के एमडी मुकुन्द समारोह के मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने दीप प्रज्ज्वलित कर रोजगार मेले का शुभारंभ किया। मेले का आयोजन विकास कुमार जेएपीओ, सोमबीर सिंह शिक्षुता अनुदेशक तथा अक्षय इन्चार्ज शिक्षुता शाखा द्वारा किया गया। प्रधानाचार्य इन्द्र सिंह ने संस्थान में पहुंचने पर मुख्य अतिथि और सभी औद्योगिक प्रतिष्ठानों के प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया तथा चयनित प्रतिभागियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

**सुविधा** किसानों की आय बढ़ाने के लिए आधुनिक कृषि यंत्रों पर 50 फीसदी तक अनुदान

# गन्ने की खेती पर पाएं 2 लाख तक की सब्सिडी : डॉ. राकेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

एग्रो नॉलेज

हरियाणा सरकार गन्ना किसानों की आमदनी बढ़ाने और खेती को आधुनिक बनाने की दिशा में लगातार बड़े कदम उठा रही है। इसी कड़ी में सहायक गन्ना विकास अधिकारी महम, डॉ. राकेश कुमार ने क्षेत्र के विभिन्न गांवों का दौरा कर किसानों को सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं और सब्सिडी कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आज के समय में आधुनिक तकनीक और कृषि यंत्रों का प्रयोग खेती को अधिक लाभकारी बना सकता है। सरकार किसानों को आधुनिक कृषि पद्धतियां अपनाने के लिए आर्थिक सहायता उपलब्ध करा रही है, ताकि उत्पादन बढ़े और लागत कम हो। डॉ. राकेश कुमार ने बताया कि गन्ना खेती में उपयोग होने वाले विभिन्न कृषि यंत्रों पर 50 प्रतिशत तक की भारी सब्सिडी दी जा रही है। इनमें मिनी ट्रैक्टर पर अधिकतम 2 लाख रुपए, सुगरकेन कटर/स्ट्रिपर/प्लांटर तथा पावर वीडर पर 75 हजार रुपए, ट्रैक्टर चालित स्प्रेयर पर 41 हजार रुपये, सब सॉइलर/चिज़लर पर 30 हजार रुपए और सुगरकेन ट्रैश मैनेजर पर 1.25 लाख रुपये तक का अनुदान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह सहायता किसानों के लिए बड़ी राहत साबित होगी और खेती में आधुनिक मशीनों के प्रयोग को बढ़ावा मिलेगा।



महम। किसानों को आधुनिक तरीके से गन्ना उगाने के लिए प्रेरित करते महम के गन्ना विकास अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### आधुनिक तकनीक अपनाने पर मिलेगा नकद प्रोत्साहन

डॉ. राकेश कुमार ने बताया कि सरकार केवल मशीनों पर ही नहीं, बल्कि आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाने पर भी किसानों को सीधे आर्थिक प्रोत्साहन दे रही है। उन्होंने बताया कि वाइड रो स्पेसिंग (4 फीट विधि) तथा सिंगल बड तकनीक अपनाने पर किसानों को 5,000 रुपए प्रति एकड़ की सहायता दी जा रही है। फाउंडेशन सीड नर्सरी और बीज उपचार पर भी 5,000 रुपए प्रति एकड़ अनुदान मिलेगा। वहीं पेड़ी प्रबंधन के लिए 3,000 रुपए प्रति एकड़ की सहायता तथा टिश्यू कल्चर पौधों की खरीद पर 9 रुपए प्रति पौधा सब्सिडी उपलब्ध करवाई जा रही है।

### किसान-वैज्ञानिक संवाद और भ्रमण कार्यक्रम भी शुरू

किसानों को नई तकनीकों से जोड़ने के लिए विभाग द्वारा किसान-वैज्ञानिक संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिनके लिए 20,000 रुपए प्रति संवाद का प्रावधान है। किसान गोष्ठियों के आयोजन हेतु 15 हजार रुपए की सहायता दी जा रही है। इसके अतिरिक्त किसानों को दूसरे राज्यों में उन्नत खेती देखने के लिए अंतरराज्यीय भ्रमण कार्यक्रम के तहत 1,000 रुपए प्रतिदिन (अधिकतम 5 दिन) की सहायता भी दी जाएगी।

### समय पर पंजीकरण कर योजनाओं का लाभ उठाएं

सहायक गन्ना विकास अधिकारी डॉ. राकेश कुमार ने किसानों से अपील करते हुए कहा कि किसान भाई जल्द से जल्द विभाग के पोर्टल पर पंजीकरण करवाएं और इन जनहितकारी योजनाओं का लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि आधुनिक खेती अपनाकर किसान पानी, श्रम और लागत में भारी बचत कर सकते हैं। इससे उत्पादन बढ़ेगा और किसानों की आय में भी वृद्धि होगी। उन्होंने बताया कि इच्छुक किसान अधिक जानकारी के लिए सहायक गन्ना विकास अधिकारी कार्यालय, महम में संपर्क कर सकते हैं।

**खबर संक्षेप**

### विज्ञान रत्न अवार्ड के लिए नामांकन मांगे

**रोहतक।** उपायुक्त सचिन गुप्ता ने बताया कि हरियाणा विज्ञान, नवाचार एवं प्रौद्योगिकी परिषद द्वारा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले वैज्ञानिकों को सम्मानित करने के लिए हरियाणा विज्ञान रत्न अवार्ड और हरियाणा युवा विज्ञान रत्न अवार्ड के लिए नामांकन आमंत्रित किए गए हैं। पात्र व्यक्ति 31 जुलाई 2026 तक आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि वर्ष 2026 के लिए घोषित हरियाणा विज्ञान रत्न अवार्ड के तहत चयनित वैज्ञानिक को 5 लाख रुपये की नकद राशि, प्रशस्ति पत्र और ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। यह सम्मान उन प्रतिष्ठित वैज्ञानिकों के लिए निर्धारित है जिनकी आयु 40 वर्ष से अधिक है और जिन्होंने विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है। हरियाणा युवा विज्ञान रत्न अवार्ड के तहत 40 वर्ष से कम आयु के युवा वैज्ञानिकों को 1 लाख रुपये की नकद राशि, प्रशस्ति पत्र और ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। पुरस्कार का उद्देश्य युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना और राज्य में वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देना है। डीसी ने बताया कि पुरस्कार के लिए वही वैज्ञानिक आवेदन कर सकेंगे हरियाणा में 10 वर्ष या उससे अधिक समय तक कार्य किया हो या शिक्षा प्राप्त की हो अथवा वे हरियाणा के निवासी हों।

## ओलंपिक मेडल जीतने का सपना, रोज 6 से 7 घंटे अभ्यास कर खेल पर पूरा फोकस

# बैडमिंटन में चमका मनवीर, सिंगल डबल दोनों खिताब किए अपने नाम

**मनवीर वर्ष 2021 से बैडमिंटन का अभ्यास कर रहे**




हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

जिले के युवा बैडमिंटन खिलाड़ी मनवीर पूनिया ने जिला स्तरीय अंडर-11 बैडमिंटन प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए सिंगल और डबल दोनों वर्गों में प्रथम स्थान हासिल कर अपनी प्रतिभा का दम दिखाया है। कम उम्र में लगातार मेहनत और अनुशासन के दम पर मनवीर अब जिले के उभरते हुए खिलाड़ियों में अपनी पहचान बना रहे हैं। मनवीर वर्ष 2021 से बैडमिंटन का अभ्यास कर रहे हैं। वर्तमान में वह रोहतक की एवेंजर अकैडमी में प्रशिक्षण ले रहे हैं, जबकि खेल की शुरुआत उन्होंने छोटूराम स्टेडियम स्थित बैडमिंटन अकैडमी से की थी। रोज सुबह और शाम मिलाकर करीब छह से सात घंटे का अभ्यास उनकी दिनचर्या का हिस्सा है। कोर्ट उनके लिए खेल का मैदान कम और सपनों की प्रयोगशाला ज्यादा बन चुका है। मनवीर के पिता सोमबीर पूनिया बेटे के खेल करियर को बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। मूल रूप से झज्जर जिले के गांव खुड्डन निवासी सोमबीर पूनिया परिवार सहित रोहतक के सेक्टर-2 में शिफ्ट हुए ताकि बेटे को बेहतर खेल सुविधाएं मिल सकें। उनकी मां प्रियंका गृहिणी हैं और परिवार का पूरा सहयोग मनवीर को मिल रहा है। साल्हावास सर्वोदय स्कूल की छठी कक्षा में पढ़ने वाले मनवीर का सपना देश के लिए ओलंपिक पदक जीतना है। वह विक्टर एक्सलसेन और पुलेला गोपीचंद को अपना आदर्श मानते हैं।

### हरियाणा राज्य कराटे प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने किया शानदार प्रदर्शन



*रोहतक। सेक्टर-6 स्थित खेल परिसर में आयोजित हरियाणा राज्य कराटे प्रतियोगिता 2026 में विभिन्न जिलों से आए खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में 8 से 17 वर्ष तक के खिलाड़ियों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। इस प्रतियोगिता में स्कालर रोजरी स्कूल के खिलाड़ी अभिनव ओर आदिशी वर्मा ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए सभी का ध्यान आकर्षित किया। खिलाड़ियों के उत्साह और अनुशासन को दर्शकों एवं अभिभावकों ने सराहना की। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों को प्रशिक्षित करने वाले कोच राजीव सहरावत ने कहा कि ये दोनों खिलाड़ी देहरादून में होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में शामिल होंगे जिसके लिए दोनों खिलाड़ी निरंतर अभ्यास कर रहे हैं। खेल बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए बेहद जरूरी हैं। प्रतियोगिता से लौटने के बाद स्कूल प्रिंसिपल प्रीती गुगनानी ने दोनों खिलाड़ियों का भव्य स्वागत किया और राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी।*

### फास्ट फूड से बनाई दूरी

खेल के प्रति उनका समर्पण उनकी दिनचर्या में भी दिखाई देता है। फिटनेस बनाए रखने के लिए उन्होंने फास्ट फूड से दूरी बना रखी है और मोबाइल फोन का इस्तेमाल भी बेहद सीमित रखते हैं ताकि पूरा ध्यान खेल पर बना रहे। अपनी सफलता का श्रेय मनवीर ने कोच हेमंत पटेल, साहिल नांदल और प्रवेश कादयान को दिया। साथ ही उन्होंने हरियाणा बैडमिंटन एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष यशपाल पंवार और भारतीय बैडमिंटन एसोसिएशन के उपप्रधान अजय सिंघानिया के सहयोग और मार्गदर्शन के लिए आभार जताया। कम उम्र में मिली यह उपलब्धि संकेत देती है कि रोहतक के बैडमिंटन कोर्ट पर एक नया सितारा अपनी उड़ान भर रहा है।

# पोस्टरों के माध्यम से दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के रसायन विज्ञान विभाग द्वारा आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी) के सहयोग से "ग्रीन केमिस्ट्री फॉर एनवायरनमेंटल सस्टेनेबिलिटी" विषय पर हस्तनिर्मित पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण, सतत विकास और हरित तकनीकों के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। विज्ञान संकाय में आयोजित इस प्रतियोगिता में यूजी, पीजी और पीएचडी के करीब 20 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने ग्रीन सिंथेसिस, नवीकरणीय ऊर्जा, अपशिष्ट प्रबंधन, जल शुद्धिकरण, प्रदूषण नियंत्रण और पर्यावरण संरक्षण जैसे विषयों पर आकर्षक एवं ज्ञानवर्धक पोस्टर प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों की रचनात्मकता और वैज्ञानिक सोच ने निर्णायकों व शिक्षकों को प्रभावित किया। कार्यक्रम का आयोजन संयोजक डॉ. (प्रो.) पल्लवी भारद्वाज और आयोजन सचिव डॉ. हीना दहिया के मार्गदर्शन में किया गया। प्रतियोगिता का मूल्यांकन भौतिक विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. (प्रो.) परवीन भट्ट और गणित विभाग की डॉ. (प्रो.) पूजा बुधिराजा ने किया। पुरस्कार वितरण समारोह में विज्ञान संकाय के डीन डॉ. (प्रो.) मनोज कुमार वर्मा, डीन अकादमिक अफेयर्स डॉ. (प्रो.) नवीन कुमार, आईक्यूएसी निदेशक डॉ. अरूप गिरी और रसायन विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. (प्रो.) रवि कुमार राणा सहित विभिन्न विभागों के शिक्षक उपस्थित रहे।

**छात्रा टन्नू रही प्रथम**

प्रतियोगिता में पीएचडी की छात्रा टन्नू ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं बीएससी केमिस्ट्री ऑनर्स की छात्रा दीप्ति और एमएससी की छात्रा पुष्पा संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान पर रहीं। एमएससी की छात्रा नेहा ने तृतीय स्थान हासिल किया। अन्य प्रतिभागियों को भी सांत्वना पुरस्कार और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।



रोहतक। अपनी मांगों के लिए धरना देते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

# एमडीयू प्रशासन व कर्मचारी संघ के बीच चल रहा गतिरोध समाप्त, आंदोलन खत्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

पिछले आठ दिन से महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय प्रशासन और कर्मचारी संघ के बीच चल रहा गतिरोध फिलहाल समाप्त हो गया है। कुलसचिव और कर्मचारी संघ के प्रतिनिधिमंडल के बीच हुई सकारात्मक बातचीत के बाद संघ ने अपना धरना अस्थायी रूप से स्थगित करने का फैसला लिया है। जानकारी के अनुसार बुधवार शाम करीब चार बजे कुलसचिव रजिस्ट्रार प्रो. संदीप बंसल कार्यालय की ओर से कर्मचारी संघ को बैठक के लिए संदेश भेजा गया। संघ के प्रधान सुरेश कौशिक द्वारा पहले से गठित कमेटी के सदस्य बैठक में शामिल हुए। प्रतिनिधिमंडल में उपप्रधान प्रेम सजवान, महासचिव डॉ. विजय पाल धनखड़, सह सचिव राजकुमार रंगा, कोषाध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा, पूर्व प्रधान फूल कुमार बोहत और जयभाग मलिक शामिल रहे।

### मांगों पर जल्द कार्रवाई का दिया आश्वासन

बैठक के दौरान कुलसचिव और कर्मचारी प्रतिनिधियों के बीच सौहार्दपूर्ण वातावरण में विभिन्न मांगों पर चर्चा हुई। कर्मचारी संघ के अनुसार कुलसचिव ने डिमांड चार्टर सहित लंबित मांगों पर जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया और डिमांड चार्टर पर अलग से बैठक के लिए भी समय देने की बात कही। कुलसचिव के आश्वासन के बाद कर्मचारी संघ और कमेटी सदस्यों ने निर्णय लिया कि मांगों पर प्रस्तावित बैठक होने तक धरने को अस्थायी तौर पर स्थगित रखा जाएगा। संघ का कहना है कि यदि तय समय सीमा में प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया तो आम सभा की बैठक बुलाकर आगे की रणनीति तय की जाएगी। इससे पहले दिन में पूर्व प्रधान दयानंद छिकारा अपने साथियों के साथ धरना स्थल पर समर्थन देने पहुंचे।

# हसनगढ़ आईटीआई में 640 सीटों पर होंगे दाखिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सांपला

औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग ने सभी राजकीय एवं निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में शैक्षणिक सत्र के लिए दाखिला प्रक्रिया को लेकर निर्देश जारी कर दिया। इलाके की हसनगढ़ आईटीआई में 2 जून से आवेदन शुरू होंगे। दाखिले की प्रक्रिया 15 जून तक जारी रहेगी। योग्य एवं इच्छुक छात्र ऑनलाइन माध्यम से ऑफिशल पोर्टल पर जाकर फॉर्म भर सकेंगे । हसनगढ़ आईटीआई में विभिन्न ट्रेडों में 640 सीटें पर दाखिले होंगे। प्राचार्य ने बताया कि छात्र घर बैठे अपनी पसंद के ट्रेड की जानकारी ले सकेंगे और वह आवेदन भी कर सकेंगे। उधर आईटीआई अनुदेशक अपने-अपने निकटतम स्कूल और पंचायत से संपर्क कर रहे हैं। छात्राओं के पास दाखिले के लिए आधार कार्ड मोबाइल नंबर ईमेल आईडी और परिवार पहचान पत्र होना अनिवार्य। वेरिफिकेशन का मुख्य आधार होगा वहीं दाखिला प्रक्रिया से जुड़ी समस्त जानकारी और ओटीपी उम्मीदवार के पंजीकृत मोबाइल और मेल पर ही भेजी जाएगी। ऐसे में मोबाइल नंबर का होना भी आवश्यक है। आईटीआई कमेटी ने छात्रों को सलाह दिए कि आवेदन शुरू होने से पहले अपने सभी दस्तावेजों को पूरा कर लें। ताकि आवेदन के दौरान दिक्कत ना आए।

**छात्रों की सुविधा के लिए बनाए जाएंगे हेल्प डेस्क**

आईटीआई परिसर में छात्रों की सहायता के लिए विशेष हेल्प टैक्स बनाए गए हैं ताकि विद्यार्थियों को आवेदन प्रक्रिया में कोई दिक्कत न हो। मेरिट के आधार पर दाखिला दिया जाएगा। इस बार सभी सीटों पर दाखिले का लक्ष्य रखा गया है दाखिला प्रक्रिया को लेकर उन्हें दिशा निर्देश जारी कर दिए गए हैं। आईटीआई में दाखिला को लेकर छात्रों में उत्साह देखा जा रहा है।
-वीरेंद्र कुमार चहल प्राचार्य आईटीआई हसनगढ़।

# किसी भी विश्वविद्यालय की असली ताकत उसके विद्यार्थी और एलुमनाई होते हैं: पूनिया

- कुलपति की अध्यक्षता में हुई एमडीयू एलुमनाई एसोसिएशन की वार्षिक आम सभा



रोहतक। एलुमनाई एसोसिएशन की वार्षिक आम सभा की मीटिंग लेते कुलपति प्रो. मिलाप पूनियां। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के पूर्व विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय से और अधिक मजबूत तरीके से जोड़ने की दिशा में अहम पहल करते हुए कुलपति प्रो. मिलाप पूनियां की अध्यक्षता में एमडीयू एलुमनाई एसोसिएशन की वार्षिक आम सभा (एजीएम) आयोजित की गई। कुलपति कार्यालय में हुई इस बैठक में एलुमनाई एसोसिएशन को मजबूत बनाने, नेटवर्किंग बढ़ाने और पूर्व छात्रों की सहभागिता को नई गति देने पर व्यापक चर्चा की गई। कुलपति प्रो. मिलाप पूनिया ने कहा कि किसी भी विश्वविद्यालय की असली ताकत उसके विद्यार्थी और एलुमनाई होते हैं। एमडीयू के पूर्व छात्र देश-विदेश में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कर विश्वविद्यालय का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने एलुमनाई एसोसिएशन को अधिक सशक्त बनाने, कार्पस फंड बढ़ाने, एलुमनाई चुनाव कराने, नेटवर्किंग और आउटरीच गतिविधियों को मजबूत करने के साथ-साथ एलुमनाई आधारित कार्यक्रमों को नियमित रूप से आयोजित करने पर जोर दिया।

### बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा

बैठक में इस बात पर भी चर्चा हुई कि विश्वविद्यालय और पूर्व विद्यार्थियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर विद्यार्थियों को करियर मार्गदर्शन, इंटर्नशिप, प्लेसमेंट और नवाचार गतिविधियों में लाभ पहुंचाया जा सकता है। डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. एएस मान और रजिस्ट्रार प्रो. संदीप बंसल ने भी बैठक में अपने विचार रखे और एलुमनाई एसोसिएशन को और अधिक मजबूत और सक्रिय बनाने की बात कही। एमडीयू एलुमनाई एसोसिएशन के सचिव प्रो. रणदीप राणा ने बैठक का एजेंडा प्रस्तुत किया। डायरेक्टर एलुमनाई प्रो. सुमित गिल ने एसोसिएशन की गतिविधियों का विस्तृत ब्यौरा साझा किया। इस अवसर पर डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. एए. मान, रजिस्ट्रार प्रो. संदीप बंसल समेत एलुमनाई एसोसिएशन के अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य, डीन और शिक्षक उपस्थित रहे।

### आईबी विद्यालय ने लगाई छबील



*रोहतक। एकादशी के पावन अवसर पर आईबी विद्यालय द्वारा विद्यालय परिसर के बाहर श्रद्धालुओं एवं राहगीरों के लिए शीतल जल की छबील लगाई गई। भीषण गर्मी को देखते हुए आयोजित इस सेवा कार्य का उद्देश्य लोगों को राहत पहुंचाने के साथ-साथ समाज में सेवा भावना को बढ़ावा देना रहा। विद्यालय प्रबंधन एवं स्टाफ सदस्यों ने पूरे उत्साह के साथ इस पुण्य कार्य में भाग लिया और आने-जाने वाले लोगों को ठंडा एवं स्वच्छ पानी वितरित किया। छबील के दौरान बड़ी संख्या में राहगीरों और श्रद्धालुओं ने जल ग्रहण कर विद्यालय परिवार के इस प्रयास की सराहना की। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. मनोज कुमार सिंह ने कहा कि भारतीय संस्कृति में सेवा, परोपकार और मानवता का विशेष महत्व है। ऐसे सामाजिक कार्य विद्यार्थियों में सहयोग, संवेदनशीलता और समाज के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि विद्यार्थियों को सामाजिक सरोकारों से जोड़ना भी आवश्यक है। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने समाज में आपसी भाईचारे, प्रेम और सेवा भावना को बढ़ावा देने का संदेश दिया।*

### नशा होता अच्छा तो मां कहती खा ले मेरे बच्चे : डॉ. अशोक कुमार



रोहतक। नशा मुक्त समाज निर्माण की शपथ दिलाते प्रभारी उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा।

**रोहतक।** हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो द्वारा नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान रोहतक, राजकीय मॉडल औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान महिला तथा सैनिक परिवार भवन संस्थान में एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों और प्रशिक्षकों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया। संस्थान के प्राचार्य राजपाल और मुख्य अनुदेशक राकेश की मौजूदगी में आयोजित कार्यक्रम में हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के जागरूकता एवं पुनर्वास प्रभारी उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। नशा भावी पीढ़ियों के लिए अभिशाप है और यह व्यक्ति का सबसे बड़ा शत्रु बन जाता है। नशा शुरुआत में शौक की तरह जीवन में प्रवेश करता है, लेकिन धीरे धीरे पूरे जीवन को शोक में बदल देता है।विद्यार्थियों को जागरूक करते हुए उन्होंने कहा कि यदि नशा अच्छा होता तो सबसे पहले मां अपने बच्चे को नशा करने के लिए देती। इस संदेश के जरिए उन्होंने युवाओं को नशे से दूर रहने और दूसरों को भी जागरूक करने का आह्वान किया। डॉ. वर्मा ने बताया कि नशा तस्करी या अवैध बिक्री से जुड़ी जानकारी मिलने पर नागरिक एनसीबी हेल्पलाइन 1933 या हरियाणा एनसीबी हेल्पलाइन 90508-91508 पर गुप्त सूचना दे सकते हैं। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों और स्टाफ सदस्यों को नशा मुक्त समाज निर्माण की शपथ भी दिलाई गई।

**नई डिजिटल प्रणाली में कार्य क्षमता होगी आधार**

# सरकारी कर्मचारियों ने अब फाइल अटकाई तो खराब होगी रैंकिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

सरकारी दफ्तरों में फाइलों को लंबित रखना और काम में देरी करना अब कर्मचारियों की कार्यशैली पर सीधा असर डाल सकता है। हरियाणा सरकार एक ऐसी नई डिजिटल प्रदर्शन निगरानी प्रणाली लागू करने की तैयारी में है, जिसके तहत कर्मचारियों की कार्य क्षमता और फाइल निपटान की गति के आधार पर रैंकिंग तय की जाएगी। किसी कर्मचारी के पास फाइलें अटकती हैं या कार्यों का निपटान समय पर नहीं होता, तो उसकी रैंकिंग खराब हो सकती है और यह रैंकिंग सार्वजनिक भी की जा सकती है। सरकार अधिकारियों और कर्मचारियों की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता, जवाबदेही और कार्य दक्षता बढ़ाने के उद्देश्य से पारंपरिक वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट (एसीआर) प्रणाली में बड़ा बदलाव करने जा रही है। अब मैनुअल व्यवस्था की जगह डिजिटल और कार्य आधारित मूल्यांकन प्रणाली लागू करने की तैयारी है। नई व्यवस्था को लागू करने से पहले सरकार ने विभागाध्यक्षों से सुझाव और टिप्पणियां मांगी हैं। काम की रफ्तार से बनेगी पहचान नई प्रणाली के तहत कर्मचारियों के कार्य निष्पादन, फाइल निपटान और आउटपुट के आधार पर प्रदर्शन का मूल्यांकन किया जाएगा। कोई कर्मचारी फाइलों को लंबे समय तक लंबित रखता है या कार्यों के निपटान में देरी करता है तो उसका असर सीधे उसकी रैंकिंग पर पड़ सकता है। समय पर कार्य पूरा करने वाले और बेहतर प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियों को उच्च स्थान मिल सकता है।

### मुख्य सचिव की वेबसाइट पर दिखेगी रैंकिंग

निर्देशों के अनुसार कर्मचारियों की रैंकिंग मुख्य सचिव की वेबसाइट पर प्रदर्शित की जाएगी। इसमें बेहतर प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियों से लेकर कम प्रदर्शन करने वालों तक की सूची उपलब्ध हो सकती है। नई व्यवस्था के तहत राज्य, जिला और ब्लॉक स्तर पर परफॉर्मेंस डिस्प्ले सिस्टम या ऑनर बोर्ड स्थापित किए जाएंगे। इन बोर्डों का उद्देश्य अच्छा काम करने वाले कर्मचारियों को पहचान देना और अन्य कर्मचारियों को बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करना है।

### टूर्नामेंट में 120 किलो तक के पहलवान दिखाएंगे दमखम

**बहादुरगढ़।** झज्जर जिला ग्रेपलिंग एसोसिएशन की ओर से 30 और 31 मई को गांव डीघल स्थित नवीन एकेडमी में जिला ग्रेपलिंग टूर्नामेंट आयोजित किया जाएगा। प्रतियोगिता को लेकर खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों में उत्साह बना हुआ है। जिला ग्रेपलिंग चेयरमैन राम अहलावत ने जानकारी देते हुए बताया कि टूर्नामेंट में 10 किलो से 120 किलो तक के विभिन्न भार वर्गों के खिलाड़ी भाग लेंगे। उन्होंने जिले के अधिक से अधिक खिलाड़ियों से हिस्सा लेने की अपील की है। 30 मई को सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक खिलाड़ियों का वजन किया जाएगा।

CSC CENTRE
REQUIREMENT
COMPUTER OPERATOR
2 (FEMALE)
Knowledge: Internet, Online Form, Portals Photoshop, MS Office
Experience Preferred
Name: Abhimanyu
& : 9812515432
Circular Road, Opposite Devi Vihar, Near Jhajjar Chungi, HP Petrol Pump, Rohtak

## मास्टर इन विजुअल आर्ट्स फाइनल ईयर के छात्रों का दिखा हुनर

# सुपवा के छात्रों ने गांव की चौपाल को बनाया आर्ट गैलरी

- तीन दिन तक अलग-अलग आर्टिस्ट की टॉक रहेगी, लोग छात्रों द्वारा प्रदर्शित कला को नि:शुल्क देख सकेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

**कला प्रदर्शनी**

दादा लखमी चंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट्स (डीएलसीसुपवा) के छात्रों ने अपनी कला का प्रदर्शन करते हुए गांव रिठाल फौगाट की चौपाल को आर्ट गैलरी के रूप में तब्दील कर दिया। यह सुपवा के मास्टर इन विजुअल आर्ट्स के फाइनल ईयर के छात्रों की मेहनत रही, जो उन्होंने बातचीत, स्मृति व समुदाय से कला की मुलाकात कराई। दरअसल, छह छात्रों हर्षुल शंकर, ज्योति, किरण सिंह, निखिल फौगाट, रश्मि, सोनी ने मिलकर गिल्ड कलेक्टिव शीर्षक के तहत गांव की चौपाल को ही आर्ट गैलरी का रूप दिया है। आर्ट गैलरी की शुरुआत मंगलवार शाम को हुई, जो तीन दिन तक जनता के लिए ओपन रहेगी। इसमें तीन दिन तक अलग-अलग आर्टिस्ट की टॉक रहेगी, लोग छात्रों द्वारा प्रदर्शित कला को निशुल्क देख सकेंगे। इसके साथ ही आर्टिस्ट्स के साथ इंटरेक्शन सेशन रहेगा, जबकि शाम के समय अलग-अलग फिल्मों की स्क्रीनिंग रहेगी। पहले दिन अमन पूनिया निर्देशित फिल्म चूल्हा न्योंदा की स्क्रीनिंग की गई। आर्ट गैलरी में छात्रों ने अपनी ड्राइंग, पेंटिंग, फोटोग्राफी, इंस्टालेशन, प्रिंट, वीडियो, स्कल्पचर आदि आर्ट का प्रदर्शन किया है। सुपवा की विजुअल आर्ट्स फैकेल्टी के एफसी विनय कुमार के अनुसार गांव की पारंपरिक चौपाल को संवाद, कहानी सुनाने व सामूहिक मिलन का स्थान माना जाता है। उसी से प्रेरित होकर छात्रों ने यह प्रदर्शनी चौपाल में लगाई है। इसका थीम भी यही रखा है।



रोहतक। गांव रिठाल फौगाट की चौपाल में आर्ट गैलरी को देखते ग्रामीण।

### यह बोले कुलपति

डीएलसीसुपवा के कुलगुरु डॉ. अमित आर्य ने कहा कि विजुअल आर्ट्स के छात्रों का प्रयास सराहनीय है। शहर की बजाए गांव की चौपाल को आर्ट गैलरी का रूप देने से पता चलता है कि छात्र समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाना चाहते हैं। ग्रामीणों के लिए अपनी कला का प्रदर्शन करना नेक कार्य है। भविष्य में ये छात्र यूनिवर्सिटी व प्रदेश का नाम रोशन करेंगे, यह उम्मीद है।

### यह पहला मौका कि शहर की बजाए गांव का चयन किया

यह पहला मौका है, जब आर्ट गैलरी बनाने के लिए किसी शहर की बजाए गांव का चयन किया गया है। अन्यथा, अधिकतर कलाकार आर्ट एग्जीबिशन के लिए बड़े शहरों का ही चयन करते हैं। उन्होंने बताया कि छात्रों की आर्ट गैलरी जीवंत सांस्कृतिक साझा स्थान में बदली हुई नजर आई। विजुअल आर्ट्स, परफॉर्मेंस आर्ट, फिल्म स्क्रीनिंग, कलाकार वार्ता, कविता पाठ व सामूहिक समुदाय इंटरेक्शन के माध्यम से बनी आर्ट गैलरी ग्रामीण पहचान, समकालीन रचनात्मकता व साझा सार्वजनिक स्थानों के बीच बदलते संबंध से परिचय कराती नजर आती है। इसमें छात्रों ने अपनी पढ़ाई के दौरान सीखी विभिन्न कलाओं को ग्रामीणों के अवलोकन के लिए प्रदर्शित किया है। इसके क्यूरेटर शरद व विनय केडी हैं।

## खबर संक्षेप

### फॉर्च्यूनर गाड़ी से नकदी और मोबाइल चोरी

**रोहतक।** अर्बन स्टेट थाना पुलिस ने सेक्टर-1 निवासी समीक्षा डबास पुत्री सुरेश कुमार की शिकायत पर अज्ञात चोर के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में समीक्षा ने बताया कि वह 25 मई की शाम करीब 6 बजे अपनी फॉर्च्यूनर गाड़ी लेकर देवीलाल पार्क के गेट नंबर-1 पर गई थी। गाड़ी को पार्क के बाहर खड़ा कर वह अपने मित्र के साथ घूमने चली गई। रात्रि करीब 10:30 बजे वापस लौटने पर उसने देखा कि गाड़ी के डैशबोर्ड में रखे एक लाख रुपये नकद और मोबाइल फोन चोरी हो चुके थे।
पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ केस दर्ज कर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है।

### घर से निकली 17 वर्षीय किशोरी लापता

**रोहतक।** पुराना सब्जी मंडी थाना पुलिस ने सलारा मोहल्ला निवासी कर्मवीर पुत्र श्रीभगवान की शिकायत पर उसकी 17 वर्षीय बेटी की गुमशुदगी का मामला दर्ज किया है। शिकायत में बताया गया कि किशोरी सुबह करीब 4 बजे बिना किसी को बताए घर से चली गई और वापस नहीं लौटी। परिजनों ने अपने स्तर पर काफी तलाश की, लेकिन युवती का कोई सुराग नहीं लग पाया। इसके बाद मामले की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने गुमशुदगी का केस दर्ज कर आसपास के क्षेत्रों में जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है जल्द पता लिया जाएगा।

### दिव्यांग महिला से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** कलानौर थाना पुलिस ने सैंपल गांव निवासी एक दिव्यांग महिला की शिकायत पर गांव के परवीन पुत्र जोगीराम के खिलाफ दुष्कर्म, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज किया है। पीड़िता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह शारीरिक रूप से दिव्यांग है और घटना के समय घर पर अकेली थी, दोपहर करीब ढाई बजे पड़ोसी परवीन उसके घर में घुस आया और आते ही उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। इसके बाद आरोपी ने जबरदस्ती उसके साथ दुष्कर्म किया। शोर मचाया तो उसकी आवाज सुनकर उसका भाई और भाभी मौके पर पहुंचे और उसे आरोपी के चंगुल से छुड़वाया। बाद में डायल 112 पर कॉल कर पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को हिरासत में ले लिया।

# कुर्सी संभालते ही एक्शन में आए निगम आयुक्त

» नागरिक सुविधा केंद्र का औचक निरीक्षण किया और व्यवस्था का जायजा लिया

» समस्याएं सुनीं, अधिकारियों को निर्देश, काम में देरी और लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी

» टोकन सिस्टम की व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाएं, लोगों को लंबी लंबी कतारों में न लगना पड़े

## ये प्राथमिकताएं : रुके निर्माण कार्य पूरा करवाना, कूड़ा प्वाइंट खत्म करना और शहर का सौंदर्यीकरण बढ़ाना मुख्य मिशन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

नगर निगम के नवनियुक्त आयुक्त नरेन्द्र कुमार ने बुधवार को अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया है। नए आयुक्त पहले ही एक्शन में नजर आए। पदभार ग्रहण करते ही उन्होंने मुख्य निगम कार्यालय और नागरिक सुविधा केंद्र का औचक निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने नागरिकों की समस्याएं सुनकर मौके पर ही अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने नागरिक सुविधा केंद्र में संचालित विभिन्न सेवाओं, कर्मचारियों की उपस्थिति, शिकायत निवारण प्रणाली, कार्य निष्पादन की गति तथा आमजन को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का बारीकी से अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त ने आमजन से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और मौके पर ही अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि नागरिक सुविधा केंद्र पर आने वाले प्रत्येक व्यक्ति की समस्या का समाधान तय समयावधि और प्राथमिकता के आधार पर होना चाहिए। किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनावश्यक देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। केंद्र में लागू टोकन सिस्टम की व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए, ताकि लोगों को लंबी कतारों और अव्यवस्था का सामना न करना पड़े। सभी कार्य व्यवस्थित एवं पारदर्शी तरीके से किए जाएं, जिससे नागरिकों को बेहतर अनुभव मिल सके। निरीक्षण के दौरान उन्होंने आमजन के कार्यों से संबंधित 22 खिड़कियों का भी निरीक्षण किया।




### पूर्व सीएम की छाया हटेगी क्या निगम से

पूर्व मुख्यमंत्री की राजनीतिक छाया से निगम प्रशासन को दूर रखना भी उनके लिए एक बड़ी चुनौती माना जा रहा है। शहर की राजनीति का असर निगम के कामकाज पर अक्सर दिखाई देता रहा है। कई बार अधिकारियों पर राजनीतिक दबाव में फैसले लेने के आरोप लगे। अब लोगों की नजर इस बात पर रहेगी कि नए निगम आयुक्त प्रशासनिक सख्ती और निष्पक्षता कैसे बनाए रखते हैं।

### क्या तोड़ पाएंगे गठजोड़

इसके साथ ही पार्षद, कर्मचारी और ठेकेदारों के कथित गठजोड़ को तोड़ना भी आसान नहीं होगा। विकास कार्यों की गुणवत्ता को लेकर समय-समय पर सवाल उठते रहे हैं। कई सड़कें और निर्माण कार्य कुछ ही महीनों में टूट जाते हैं। ऐसे में यदि निगम आयुक्त पारदर्शिता और जवाबदेही तय करते हैं तो शहर की व्यवस्था में बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है। कुल मिलाकर शहर को नए निगम आयुक्त से काफी उम्मीदें हैं, लेकिन उन उम्मीदों पर खरा उतरना आसान नहीं होगा।

### वार्डों में विकास कार्यों में भेदभाव के आरोप

इसके अलावा वार्डों में विकास कार्यों को लेकर भी लगातार भेदभाव के आरोप लगते रहे हैं। कई पार्षदों का आरोप रहा है कि कुछ खास क्षेत्रों में ही काम करवाए जाते हैं, जबकि कई वार्ड मूलभूत सुविधाओं से भी वंचित हैं। ऐसे में नरेंद्र कुमार के सामने सबसे बड़ी जिम्मेदारी सभी वार्डों में समान रूप से विकास कार्य करवाने की होगी। यदि निगम प्रशासन निष्पक्ष तरीके से कार्य करता है तो इसका सीधा लाभ शहर की जनता को मिलेगा।

### शहर को उम्मीदें

- निगम लंबे समय से विकास कार्यों की धीमी रफ्तार, प्रॉपर्टी आईडी की गड़बड़ियों, टूटी सड़कों, अतिक्रमण और अधिकारियों की मनमानी जैसे मुद्दों को लेकर सवालों के घेरे में रहा है। ऐसे में विकास कार्यों के तेजी आने की उम्मीद है।
- कई वार्डों में सड़कें टूटी हुई हैं। सफाई व्यवस्था को लेकर भी लगातार शिकायतें सामने आती रही हैं। अब नए आयुक्त आने से लोगों को साफ सफाई और कूड़े से निजात मिलने की उम्मीद बढ़ गई है।
- शहर को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित बनाने के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य किए जाने की उम्मीद।
- अब लोगों को उम्मीद है कि नए निगम आयुक्त इन कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करवाएंगे।
- बरसात से पहले सड़कों और जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त करने के काम भी अब पूरे हो पाएंगे।
- नगर निगम में सबसे अधिक परेशानी प्रॉपर्टी आईडी और नक्शा पास करवाने को लेकर रही है। हजारों लोग अब अपने रुके कामों को पूरा करवा पाएंगे।

### ये चुनौतियां भी

- **कूड़ा :** शहर में सफाई कर्मचारियों की चली लंबी हड़ताल के बाद शहर में जगह-जगह लगे कूड़े के ढेरों को हटाना और भविष्य में दोबारा गंदगी न फैले, इसको लेकर स्थाई समाधान निकालना आसान नहीं होगा।
- **जलभराव:** आगामी मानसून सीजन को देखते हुए नालों और गलियों की सफाई समय रहते पूरी करवाना और शहर में जलभराव ने हो इससे निपटना नए आयुक्त के लिए आसान नहीं होगा।
- **शहर का सौंदर्यीकरण:** शहर के पार्कों का सौंदर्यीकरण, साफ सफाई रखना, गंदगी हटाना और लोगों को सुविधाएं प्रदान करने के लिए नए आयुक्त को कड़ी मेहनत करनी होगी।
- **अतिक्रमण :** शहर के प्रमुख बाजारों में बढ़ता अतिक्रमण भी नगर निगम के लिए बड़ी चुनौती बना हुआ है। रेलवे रोड, गोहाना अड्डा, दिल्ली रोड, झज्जर रोड, शीला बाईपास और पुराने शहर के बाजारों में रोजाना जाम की स्थिति रहती है। दुकानों के बाहर सामान रखने और अवैध रेहड़ियों के कारण लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ती है।


नागरिक सुविधा केंद्र में बुजुर्ग महिला से जानकारी लेते निगम आयुक्त नरेन्द्र कुमार।

### बुजुर्ग महिला समस्या लेकर पहुंची तो तुरंत समाधान के दिए आदेश

इस दौरान एक वृद्ध महिला अपनी समस्या लेकर आयुक्त के पास पहुंची। निगम आयुक्त ने महिला की समस्या को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित क्षेत्रीय कराधान अधिकारी को तुरंत समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि यदि किसी दस्तावेज की कमी है तो स्वयं कर्मचारी भेजकर दस्तावेज मंगवाए जाएं, ताकि बुजुर्गों और जरूरतमंद लोगों को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े।

### संवेदनशीलता के साथ सुनी जाए समस्या

निगम आयुक्त ने अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया कि नागरिक सुविधा केंद्र में आने वाले लोगों की शिकायतों, सुझावों और समस्याओं को संवेदनशीलता के साथ सुना जाए। उन्होंने कहा कि नागरिक सुविधा केंद्र आमजन और नगर निगम के बीच महत्वपूर्ण कड़ी है, इसलिए यहां कार्यरत प्रत्येक अधिकारी और कर्मचारी को जवाबदेही और पारदर्शिता के साथ कार्य करना होगा।

### विकास कार्यों को लेकर की चर्चा

निरीक्षण के दौरान आयुक्त नरेन्द्र कुमार ने शहर के विकास कार्यों को लेकर भी अधिकारियों के साथ चर्चा की। उन्होंने कहा कि शहर में लंबे समय से रुके निर्माण कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा। इसके साथ ही शहर में बने स्थायी कूड़ा प्वाइंटों को समाप्त करने, सफाई व्यवस्था को मजबूत बनाने और शहर के सौंदर्यकरण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। प्रॉपर्टी आईडी से जुड़ी समस्याओं की जल्द समीक्षा की जाएगी। यदि जरूरत पड़ी तो लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए विशेष पीपीपी त्रुटि सुधार कैंप भी लगाए जाएंगे, ताकि नागरिकों को बार-बार निगम कार्यालय के चक्कर न लगाने पड़ें।

## यूट्यूब विज्ञापन से 46 हजार की ठगी, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

पुलिस की महम थाना पुलिस ने यूट्यूब पर पालतू जानवरों के विज्ञापन के माध्यम से हुई 46 हजार रुपये से अधिक की धोखाधड़ी के मामले को सुलझाते हुए गिरोह में शामिल एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को अदालत में पेश कर आगे की जांच शुरू कर दी गई है। बता दें कि महम निवासी ललिता की शिकायत पर थाना महम में मामला दर्ज किया गया था।

शिकायत में बताया गया कि 21 अप्रैल को उन्होंने यूट्यूब पर अच्छी नस्ल के पालतू जानवरों से संबंधित एक विज्ञापन देखा। विज्ञापन में दिए गए मोबाइल नंबर पर संपर्क करने के बाद आरोपी ने भरोसा दिलाते हुए ऑनलाइन भुगतान करवाया। आरोपियों ने स्कैनर भेजकर अलग-अलग बहानों से कुल 46 हजार 990 रुपये ट्रांसफर करवा लिए। पैसे भेजने के कुछ समय बाद जब महिला ने दोबारा संपर्क करने की कोशिश की तो मोबाइल फोन बंद मिला। इसके बाद महिला को अपने साथ हुई ठगी का एहसास हुआ। मामले की जांच उपनिरीक्षक गौरव द्वारा की गई। जांच के दौरान पुलिस ने तकनीकी आधार और अन्य साक्ष्यों के जरिए गिरोह से जुड़े आरोपी अर्जुन को 26 मई को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी नूंह जिले के गांव आटा का रहने वाला है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी अपने नाम पर ली गई सिम कार्ड कमीशन के आधार पर अन्य लोगों को उपलब्ध करवाता था, जिनका इस्तेमाल साइबर ठगी में किया जाता था। पुलिस अब गिरोह से जुड़े अन्य आरोपियों और नेटवर्क की जानकारी जुटाने में लगी हुई है। इस संबंध में थाना महम में मामला दर्ज किया गया है।

## नई पॉलिसी तैयार कर ट्रांसफर ड्राइव शुरू करने की उठाई मांग

**रोहतक।** हरियाणा स्कूल लेक्चरर एसोसिएशन ने राज्य सरकार से नई ट्रांसफर पॉलिसी जल्द तैयार कर तबादला प्रक्रिया शुरू करने की मांग की है। एसोसिएशन के राज्य सचिव संदीप खोखर ने कहा कि लंबे समय से तबादले लंबित होने के कारण शिक्षकों में असंतोष बढ़ रहा है और विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। उन्होंने बताया कि कई स्कूलों में विषय विशेषज्ञ अध्यापकों की कमी है, जबकि कुछ विद्यालयों में आवश्यकता से अधिक स्टाफ मौजूद है।उन्होंने कहा कि वर्ष 2016 में शुरू हुई ऑनलाइन ट्रांसफर नीति शुरुआती दौर में पारदर्शी साबित हुई थी, लेकिन बाद में इसमें कई विसंगतियां सामने आईं। न्यायालय द्वारा नई नीति तैयार करने के निर्देश दिए जाने के बाद अब सरकार को जल्द प्रक्रिया पूरी करनी चाहिए, ताकि गर्मी की छुट्टियों से पहले स्कूलों में स्टाफ संतुलन सुनिश्चित हो सके।


संदीप खोखर

## डीसी कैंप हाउस के पास जाम पर सख्त एक्शन, एएसपी खुद उतरे मैदान में

■ रेहड़ी वालों को चेतावनी, सड़क पर वाहन खड़े करने वालों पर भी होगी कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

डीसी कैंप हाउस और महावीर पार्क के आसपास लगने वाले जाम को खत्म करने के लिए पुलिस ने सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। लंबे समय से मिल रही शिकायतों के बाद नए एएसपी आयुष कुमार यादव खुद मौके पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया। शाम के समय रेहड़ियों की भीड़ और सड़क किनारे खड़े वाहनों के कारण यहां रोजाना जाम की स्थिति बन जाती थी। कई बार एंबुलेंस और जरूरी सेवाओं के वाहन भी फंस जाते थे। एएसपी ने रेहड़ी संचालकों को चेतावनी दी कि सड़क घेरने या यातायात बाधित करने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। दरअसल, हाल ही में आयोजित एक बैठक में एएसपी ने शहर के लोगों, व्यापारियों और मीडिया प्रतिनिधियों से ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने को लेकर सुझाव मांगे थे। वहीं, पुलिस प्रशासन ने अब रेहड़ी संचालकों के लिए एक निश्चित सीमा निर्धारित कर दी है।

## नेक कार्य: भीषण गर्मी में युवाओं ने लगाई मीठे पानी की छबील

**रोहतक।** शहर के भली आनंदपुर में स्थित दी हरियाणा कोऑपरेटिव शुगर मिल रोहतक के बाहर युवाओं के द्वारा मीठे पानी की छबील लगाई गई। इस दौरान लगभग रोड से आने जाने वाले हजारों लोगों को भीषण गर्मी में मीठा पानी पिलाया गया। जानकारी देते हुए भारत गिरधर ने बताया कि उनके साथ कार्य करने वाले लगभग 50 से अधिक युवाओं ने नेक कार्य में हिस्सा लिया। साथ ही स्वच्छता का संदेश भी दिया गया। इस दौरान युवाओं के द्वारा स्वच्छता कभी संदेश दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कशिश, सुकर्म, योगेश, सुभाष, अनुज, प्रदीप, प्रिंस, अजय, सुनील, मंजीत , सुनील,पवन, रोहित वशिष्ठ, अमरजीत, गौरव, सनी, साहिल, मोहित, नीतू, निशांत, संजय और सुशील आदि शामिल रहे।

## सामाजिक बुराइयों के खिलाफ जागरूकता फैलाने के लिए 31 को गांव काहनी में जुटेंगी खाप पंचायतें

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

सर्वजातीय खाप पंचायत चौगांमा की ओर से 31 मई को गांव काहनी स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में एक विशाल सामाजिक कार्यक्रम और पंचायत का आयोजन किया जाएगा। पंचायत सुबह 10 बजे शुरू होगी, जिसमें हरियाणा की विभिन्न खापों के प्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों और प्रतिष्ठित लोगों को आमंत्रित किया गया है। पंचायत की अध्यक्षता शीशपाल बैनीवाल, अध्यक्ष चौगांमा द्वारा की जाएगी। आयोजन समिति के अनुसार यह पंचायत सामाजिक बुराइयों के खिलाफ जागरूकता फैलाने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के उद्देश्य से आयोजित की जा रही है। पंचायत में दहेज प्रथा, भ्रूण हत्या, समगोत्र विवाह, मृत्यु भोज, जीवनजग और सीम लगते गांवों में गोत्र विवाद जैसे सामाजिक मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। इसके अलावा गांव की गांव में विवाह पर रोक सहित अन्य सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने को लेकर सुझाव लिए जाएंगे।

### प्रतिभाशाली युवाओं का होगा सम्मान

पंचायत के दौरान चौगांमा क्षेत्र और आसपास के गांवों के उन युवाओं और युवतियों को सम्मानित किया जाएगा, जिन्होंने शिक्षा, खेल और सामाजिक क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। इसके अलावा विभिन्न खापों से पहुंचे पंचों और विशिष्ट व्यक्तियों को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में महिला सहभागिता को विशेष महत्व दिया गया है। पंचायत महिला और पुरुषों की संयुक्त पंचायत होगी।

## निर्दलीय पार्षद मनीष भाजपा में शामिल

■ भाजपा की नीतियों से प्रभावित होकर भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सांपला

गढ़ी सांपला किलोई विधानसभा के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी के सांपला मंडल में आयोजित संगठनात्मक बैठक में जिला अध्यक्ष एडवोकेट रणवीर सिंह ढाका पहुंचे। बैठक में संगठन की मजबूती, आगामी कार्यक्रमों तथा जनसंपर्क अभियान को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर सांपला वार्ड नंबर 12 के निर्दलीय पार्षद मनीष ओहल्यान ने भाजपा की नीतियों एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में चल रही जनकल्याणकारी योजनाओं से प्रभावित होकर भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। जिला अध्यक्ष एडवोकेट रणवीर सिंह ढाका ने पार्टी का पटका पहनाकर उनका स्वागत किया और कहा कि भाजपा आज देश के हर वर्ग की पहली पसंद बन चुकी है। जिला अध्यक्ष एडवोकेट रणवीर सिंह ढाका ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं के बल पर लगातार मजबूत हो रही है और आमजन का विश्वास पार्टी के प्रति बढ़ता जा रहा है। उन्होंने उपस्थित कार्यकर्ताओं से संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान भी किया।

### ये रहे मौजूद

मंडल अध्यक्ष कपिल खत्री, मंडल महामंत्री राज सिंह, मनोज, शिव कुमार, सरपंच ऋषिराम भैंसरु कलां, सरपंच प्रमोद, राकेश सरपंच नोनद, मनीष सरपंच, योगेश सरपंच गांधरा, सुखबीर सरपंच गिजी ,सरपंच दीपक मलिक खरावड़,सरपंच सुंदर चुलाना दुहन,सरपंच जयभगवान व वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।


हरिभूमि

आवश्यक सूचना

जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-

हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005



मृत्यु अंत नहीं है

मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।

तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश

आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra

नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें

सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400

मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20


**उपलब्धि** दो माह में 5 सफल अंगदान से हरियाणा बना मिसाल, डॉक्टरों के जज्बे को सलाम

## अंगदान करने वाले परिवारों का कर्ज कभी नहीं उतार पाएगा समाज: आरती सिंह राव

### स्वास्थ्य मंत्री ने पीजीआईएमएस की सोटो और अंगदान टीम को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक/चंडीगढ़

हरियाणा की स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान और आयुष मंत्री डॉ. आरती सिंह राव ने बुधवार को चंडीगढ़ में पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय, पीजीआईएमएस रोहतक के चिकित्सा अधीक्षक, सोटो हरियाणा और अंग प्रत्यारोपण टीम को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने चिकित्सा अधीक्षक डॉ. कुंदन मित्तल, सोटो हरियाणा की पूरी टीम और ट्रांसप्लांट सर्जनों की पीठ थपथपाते हुए कहा कि इनके अथक प्रयासों से हरियाणा आज अंगदान के क्षेत्र में देश का आदर्श राज्य बन रहा है। डॉ. आरती सिंह राव ने पीजीआईएमएस रोहतक के कुलपति डॉ एच के अग्रवाल, समर्पित डॉक्टरों, सर्जनों, सोटो हरियाणा की पुरी टीम,नर्सिंग स्टाफ, और पूरी मेडिकल टीम को ब्रेन-डेड दाताओं के अंग प्रत्यारोपण सफलतापूर्वक करने पर हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि यह नेक कार्य कई लोगों के जीवन को बचा रहा है।

स्वास्थ्य मंत्री ने विशेष रूप से उस केस का जिक्र किया जिसमें पीजीआईएमएस रोहतक की टीम ने आर्मी हेलीकॉप्टर से किडनी को चंडीमंदिर स्थित आर्मी कमांड हॉस्पिटल पहुंचाया था। उन्होंने कहा कि समय पर ट्रांसप्लांट होने से एक जवान की जान बच गई। उन्होंने कहा कि मेडिकल टीम, प्रशासन और सशस्त्र बलों के बीच यह अनुकरणीय तालमेल मानवता की सेवा की भावना को दिखाता है। यह सिर्फ अंगदान नहीं, राष्ट्र सेवा है। डॉ आरती सिंह राव ने कहा कि डॉ अग्रवाल की टीम ने पीजीआईएमएस ने पिछले दो महीनों में 5 सफल अंगदान करवाकर नया कीर्तिमान बनाया है। सोटो हरियाणा की काउंसलिंग टीम के शब्दों में वो ताकत है जो दुख में डूबे ब्रेन -डेड व्यक्ति के परिवार को भी अंगदान करने के लिए मना लेती है। उन्होंने कहा कि मौत अटल है, पर अंगदान से हम मौत को भी मात दे सकते हैं। अंगदान से बड़ा पुण्य कोई नहीं। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि भारत में हर साल लाखो लोग अंगों के इंतजार में दम तोड़ देते हैं।


**रोहतक।** स्वास्थ्य मंत्री डॉ आरती सिंह राव से मिलते हुए चिकित्सा अधीक्षक डॉ. कुंदन मित्तल व सोटो हरियाणा की पूरी टीम।

### किया सम्मानित

स्वास्थ्य मंत्री डॉ आरती सिंह राव ने डॉ. कुंदन मित्तल, चिकित्सा अधीक्षक, डॉ. सुखबीर सिंह, नोडल अधिकारी, सोटो, ट्रॉमा आईसीयू इंचार्ज डॉ. तरुण यादव, डॉ. अंकुर गोयल, नेफ्रोलॉजिस्ट सर्जन डॉ. विवेक सिंह ठाकुर , डॉ. गौरव पांडेय,दीप्ति खरब ,ट्रांसप्लांट को-ऑर्डिनेटर, सोटो, राजेश कुमार, कंसल्टेंट आईईसी, सोटो, पीजीआईएमएस, रोहित, ट्रांसप्लांट को-ऑर्डिनेटर को प्रशंसा -पत्र देकर सम्मानित किया।

### अंगदान करने वाले परिवारों को नमन किया

स्वास्थ्य मंत्री डॉ. आरती राव ने अंगदान करने वाले सभी परिवारों को नमन किया। उन्होंने कहा कि जिस परिवार ने अपने कलेजे के टुकड़े को खोने के बाद भी दूसरों की भलाई के बारे में सोचा, वो परिवार नहीं, देवता समान है। अंगदान करने वाले सभी परिवारों का समाज सात जन्मों में भी क़र्ज़ नहीं उतार पाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'मन की बात' कार्यक्रम में भी अंगदान को महादान कहा है। उनकी प्रेरणा से हरियाणा में जागरूकता तेजी से बढ़ी है।